डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
01 नवम्बर 2023
बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम


Page- 7




## विस चुनाव : भाजपा-कांग्रेस ने ली राहत की सांस, आयोग ने आपत्तियां खारिज की...

# नामांकन पत्र अनहोल्ड, पटवा-अजय का चुनाव लड़ने का रास्ता हुआ साफ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र के दो विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में दो बडे उम्मीदवारों की राह में आई नामांकन पत्र पर आपत्ति की बाधा आज दूर हो गई है। भोजपुर से भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र पटवा और चुरहट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह के नामांकन पत्र पर दर्ज कराई गई आपत्तियां आज खारिज की दी गईं। भाजपा के खरगापुर उम्मीदवार राहुल लोधी के नामांकन पर आपत्ति का फैसला आना बाकी है। उल्लेखनीय है कि करीब दस साल पहले कांग्रेस उम्मीदवार राजकुमार पटेल का नामांकन विदिशा लोकसभा क्षेत्र से खारिज होने के बाद भाजपा के लिये वाकओवर की स्थिति बन गई थी, लिहाजा इस बार भोजपुर व चुरहट को लेकर दोनों दलों में कई तरह की आशंकाएं थीं। इधर चुनाव प्रचार के सिलसिले में आज सीएम शिवराज सिंह चौहान विंध्य के अनूपपुर, डिंडौरी के अलावा सिवनी के विस क्षेत्रों के दौरे पर हैं तो कमलनाथ कांग्रेस के लिये नरसिंहपुर व सागर में चुनाव सभा ले रहे हैं। वहीं भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भोपाल में मोर्चा संभाला और कांग्रेस पर किसानों से वादाखिलफी के आरोप लगाए।

### यह था मामला





**सुरेंद्र पटवा ने छुपाए मुकदमे** :भोजपुर से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा का भी फॉर्म होल्ड पर इसलिए रखा गया था। क्योंकि उनके खिलाफा कांग्रेस कैंडिडेट राजकुमार पटेल ने मुकदमें छुपाने का आरोप लगाया था।

**अजय सिंह व अचल संपत्ति** : चुरहट से कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह के खिलाफ भाजपा के कैंडिडेट शरदेंदु तिवारी ने शिकायत की थी कि उन्होंने खुद की और अपनी पत्नी की अचल संपत्ति के बारे में गलत जानकारी दी है।

**हाई कोर्ट ने शून्य की थी विधायकी:** खरगापुर से मौजूदा भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी की साल 2022 में हाईकोर्ट ने विधायकी रद्द कर दी थी। उन पर प्राइवेट ठेका कंपनी से पार्टनरशिप करने का आरोप था हालांकि इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कंडीशनल स्टे दिया गया था। उनके नामांकन भरने के बाद से कांग्रेस प्रत्याशी ने निर्वाचन आयोग के सामने आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद अधिकारियों ने उनका नामांकन होल्ड पर डाल दिया था इस मामला पर अभी फैसला आना बाकी है।




### मोदी 4 को मप्र में, मायावती की 9 सभाएं

मध्यप्रदेश में कई बार कांग्रेस और भाजपा के समीकरण बिगाड़ने वाली बहुजन समाज पार्टी इस बार विंध्य समेत कुछ क्षेत्रो में खासी सक्रिय है और उसे दोनोंदलों के बागियों से खासी मदद की भी उम्मीद है। इसके चलते बसपा प्रमुख मायावती अगले कुछ दिनों में 9 बड़ी सभा करने वाली हैं। वे मप्र में पांच दिन दौरे करेंगी। सतना जिले में उनकी सभा की तैयारी तेज है। वहीं भाजपा, कांग्रेस, सपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 नवंबर को एमपी आ रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 8 और 9 नवंबर को आएंगी। बसपा प्रमुख मायावती 5 दिन में 9 बड़ी सभाओं को संबोधित करेंगी। पीएम मोदी की 4 नवंबर को रतलाम और सिवनी में सभा प्रस्तावित है।

**मप्र के स्थापना दिवस पर मोदी ने दिया संदेश:** पीएम मोदी ने आज एक्स हैंडल पर पोस्ट करके मप्रवासियों को शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने लिखा है- विकास की नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा मध्यप्रदेश अमृतकाल में देश के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान दे रहा है।प्धानमंत्री मोदी के इस बधाई संदेश पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आभार जताया है मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'राष्ट्र निर्माण के इस अनवरत यज्ञ में हृदय स्थली मध्यप्रदेश की भूमिका भी अभूतपूर्व रही है। मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में मध्यप्रदेश भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहा है।'

## गाजा में सबसे बड़े शरणार्थी शिविर पर हमला, 50 मौत अरब देश भड़के



**तेल अवीव, एजेंसी।**

इजरायल और हमास के बीच जारी जंग के आज 26 वें दिन इजरायल की सेना ने उत्तरी गाजा पट्टी स्थित सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप (जबालिया शरणार्थी शिविर) पर हमला कर दिया। इसमें 50 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जिनमें हमास के बड़े आतंकी भी शामिल हैं। इस हमले की कड़ी आलोचना भी शुरू हो गई है। कई अरब देशों ने इसका विरोध किया है। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने जबालिया शरणार्थी शिविर पर हमले की निंदा करते हुए बयान जारी किए हैं। इसी बीच, स्कॉटलैंड के मंत्री हमजा यूसुफ ने एक्स हेंडल पर लिखा, मुझे जबालिया शरणार्थी शिविर में उन निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए खेद है कि दुनिया आपकी रक्षा नहीं कर सकी। मानव जीवन के लिए इस घोर उपेक्षा की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। किसी और बच्चे को मरने न दें। हमें तत्काल युद्धविराम की जरूरत है।'

**बंधकों को जल्द रिहा करेगा हमास:** वहीं इजरायल के ताबड़तोड़ हमलों के बाद हमास की कमर टूटती जा रही है। ताजा खबर यह है कि हमास बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार हो गया है।

### महीने की पहली तारीख से फिर बदले कई नियम

## सिलेंडर सौ रु महंगा, जेट फ्यूल सस्ता

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

नवंबर का महीना आज से शुरू हो गया है और हर महीने की पहली तारीख की तरह ये महीना भी देश में कई बड़े बदलाव लेकर आया है। पहले ही दिन जहां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने से बड़ा झटका लगा है, तो वहीं जीएसटी के नियम भी बदले हैं। बदलाव सीधा जेब पर असर डालने वाले हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां ने बीते 30 अगस्त को 14 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी कटौती करते हुए सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी थी, लेकिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ीं। अब 1 नवंबर से फिर बड़ा 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत करीब सौ रूपये बढी है। यह दिल्ली में 1,833 रुपये हो गया है जबकि कल तक कीमत 1731 रुपये थी। मप्र में भी कीमतों में इजाफा हुआ है।



**जीएसटी चालानः** आज से तीसरा बड़ा बदलाव जीएसटी से संबंधित है। अब 100 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा का कारोबार करने वाले कारोबारियों को 30 दिनों के भीतर ई-चालान पोर्टल पर जीएसटी चालान अपलोड करना होगा। नियम कारोबारियों पर आज से लागू हो गया है।

**BSE पर ट्रांजैक्शनः** शेयर बाजार के 30 शेयरों वाले बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने बीते अक्टूबर महीने में इक्विटी के डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रैंजैक्शंस पर शुल्क बढ़ाने का ऐलान किया था और ये बदलाव भी आज से लागू हो गया है। इसका असर शेयर बाजार निवेशकों पर पड़ेगा और पहली तारीख से लेन-देन पर उन्हें अतिरिक्त पैसा देना पड़ेगा।

**जेट फ्यूल सस्ताः** नवंबर की शुरुआत के साथ चौथा बड़ा बदलाव हवाई यात्रियों के लिए है। लगातार बढ़ रहे एयर टर्बाइन फ्यूल के दाम में बढ़ोतरी का सिलसिला थम गया है। एक के बाद एक लगातार बढ़ोतरी के बाद आज से आखिरकार यह दाम 1074 रुपये प्रति किलोलीटर घटा दिए हैं. बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं।

**मेट्रो एंकर** — करवाचौथ पर कई जेलो में खास व्यवस्थाएं, पति की हत्या करने वाली महिला ने भी रखा व्रत

# आज जेल की चारदीवारी के भीतर पहुंचेगा चांद

भारत में करवाचौथ का दिन और व्रत हर भारतीय महिला के लिए बेहद खास है। यह त्यौहार होता है पति की लंबी उम्र की कामना व चांद के दीदार का। मगर वह महिला जो जेल में बंद हैं वे कैसे यह त्योहार मनाती हैं इस पर एनबीटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जेल प्रशासन भी कुछ व्यवस्थायें करता है। मसलन झांसी की जेल में आज सुबह से ही बाकी दिनों के मुकाबले नजारा थोड़ा अलग है। जो महिलाएं चुपचाप बैठी रहती थी वो आज सुबह जल्दी उठी इस जेल में 12 महिलाओं ने जेल प्रशासन से करवा चौथ करने की परमिशन मांगी थी और उन्हें अनुमति मिल भी गई। जो सरगी खाना चाहती थी उनके खाने की भी जेल में व्यवस्था थी। जेल प्रशासन ने इन्हें पूजा का सामान भी दिया है जिसमें करवा, सीकें और दूसरी चीजें शामिल हैं। हर महिला की तरह ये भी शाम को पूजा करेंगी, चांद को अर्घ्य देंगी। जेल प्रशासन ने इन्हें इनके पतियों से मिलवाने का भी इंतजाम किया हुआ है। हालांकि ये सिर्फ सूर्यास्त से पहले तक ही अपने पति से मिल पाएंगे। चांद को अर्घ्य देने के बाद इन्हें खुद ही पानी पीना होगा।




**12**
**महिलाओं ने जेल प्रशासन से करवा चौथ करने की परमिशन मांगी थी और उन्हें अनुमति मिल भी गई।**

### 39 बंदी महिलाओं को दी गई पूजा सामग्री

मुरादाबाद जेल में भी महिला बंदियों में करवा चौथ का खासा उत्साह दिख रहा है। यहां पर सबसे ज्यादा 39 बंदी महिलाएं इस बार करवा चौथ का व्रत रखा है। डिप्टी जेल सर्वेश कुमारी ने करवाचौथ की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है और इन महिलाओं को पूजा का सारा सामान उपलब्ध करवाया जा रहा है। रात में चांद देखने के बाद अपने पति से मिलने की भी व्यवस्था की गई है। जेल प्रशासन ने इन्हें कपड़े, मिठाइयां और दूसरी चीजें भी बांटी हैं। वहीं गोरखपुर जेल की चारदीवारियों के अंदर भी चांद पहुंचेगा। इस जेल में बंद 17 महिलाएं करवा चौथ का व्रत रख रही हैं। यहां भी जेल प्रशासन ने इन्हें पूजा-पाठ की पूरी छूट दी है। इनके लिए पूजा का सामान मुहैया कराया जा रहा है, लेकिन इस जेल में एक महिला बंदी की कहानी थोड़ी अलग है। ये महिला अपराधी अपने पति का कत्ल करके इस जेल में बंद है, लेकिन बावजूद वह व्रत कर रही है।मगर हकीकत यह बताई गई है कि वह अपने प्रेमी के लिए व्रत कर रही है। उसने प्रेमी के लिए ही अपने पति को मौत के घाट उतारा था। गोरखपुर जेल में कुल 100 में से 37 महिलाएं ऐसी हैं जो अपने पति के कत्ल के इल्जाम में यहां बंद हैं।

## रामलला का आठ फीट ऊंचा सिंहासन बनेगा

**अयोध्या एजेंसी।** राम मंदिर का निर्माणकार्य इस वक्त बहुत तेजी पर है। मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मंदिर के गर्भगृह का निर्माण पूरा हो चुका है। अब खबरे है कि रामलला संगरमरमर और सोने की प्लेट लगे आठ फीट ऊंचे सिंहासन पर विराजमान होंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य के मुताबिक सिंहासन राजस्थान के कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है, जो 15 दिसंबर तक अयोध्या पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर 15 दिसंबर तक तैयार करना है जबकि फर्स्ट फ्लोर का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। बताया जाता है कि पहली मंजिल पर 17 खंभे लगाए जा चुके हैं और केवल दो खंभे लगने बाकी हैं।



## कतर की उलझन में तुर्की से उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कतर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा सुनाने के बाद इन नौसैनिकों की सुरक्षित रिहाई भारत के लिये चुनौती बनी हुई है। विकल्पों पर माथापच्ची जारी है। मगर मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक विकल्प तुर्की का भी नजर आ रहा है। तुर्की, भारत की मदद करेगा या नहीं, इस पर सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा रहा है।



## राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप से पिछडीं भारतीय निक्की

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी के लिए भारतीय मूल की अमेरिकी नेता निक्की हेली से उनके गृह राज्य दक्षिण कैरोलिना में 30 प्रतिशत से अधिक अंक से आगे चल रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में सबसे आगे चल रहे 77 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति का दक्षिण कैरोलिना में 53 प्रतिशत लोग समर्थन कर रहे हैं, जबकि दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली का सिर्फ 22 प्रतिशत लोगों ने समर्थन किया है। वहीं, भारतीय मूल के 38 वर्षीय अमेरिकी विवेक रामास्वामी दक्षिण कैरोलिना के सीएनएन सर्वे में काफी पीछे चल रहे हैं।



## पटना में गोलीबारी

**पटना एजेंसी।** बिहार की राजधानी में देवी रोड पर देर रात दो गुटों के बीच आपसी वर्चस्व और शराब बिक्री को लेकर जमकर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक वृद्ध की गोली लगने से मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। इनका इलाज पटना के दो बड़े सरकारी अस्पताल में चल रहा है। इधर, सूचना मिलते ही आलमगंज थाने की पुलिस के साथ पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मराठा आरक्षण की आग भड़की, बुलाई आपात बैठक

**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन को लेकर बवाल जारी है। प्रदर्शनकारी जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अब नादेड़ में पुलिस पर पथराव की सूचना है। यहां पुलिस अधीक्षक घायल हो गए हैं। इससे पहले बीड और उस्मानाबाद में प्रदर्शनकारी उग्र हो गए थे। आगजनी और लूट की घटनाओं के बाद से दोनों स्थानों पर कर्फ्यू लगा दिया गया था। अभी धारा 144 लागू है और इंटरनेट बंद है। वहीं इस आरक्षण आंदोलन की आग अब मुंबई तक पहुंच गई है। बुधवार सुबह यहां कुछ गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। इस बीच, पूरे मामले में मंथन के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।





## डाक्टरों की मेहनत मरीज की हिम्मत !

**भोपाल।** जब किसी मरीज का ऑपरेशन होता है तो उसके तीमारदार बाहर बैठकर प्रार्थना करते हैं, लेकिन भोपाल एम्स में खुद मरीज ही ऑपरेशन के दौरान पांच घंटे हनुमान चालीसा पढ़ते हुए प्यानो और मंजीरा बजाता रहा। यहां बिहार के बक्सर जिले के 28 वर्षीय युवक की ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी की गई। युवक को कई महीनों से दौरे पड़ रहे थे। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे बिना बेहोश किए ब्रेन की सर्जरी कराने का फैसला किया।



## राष्ट्रीय एकता दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन भी किया गया। यह शपथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पुष्पलता चैकसे द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर एस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, स्वयंसेवक राकेश पंडित, नीरज श्रीवास, उमेश प्रजापति एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाफेड ने लगाई दुकान तब गिरे बाजार में प्याज के दाम, 50 रुपए तक आए



### 80 रुपए किलो तक पहुंच गए थे प्याज के दाम

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी के बाजारों में प्याज के दाम 80 रुपये किलो तक पहुंच गए थे जो गिरकर अब 50 रुपये किलो आ गए हैं। दाम में और गिरावट आने की संभावना है, क्योंकि बाजार में हरी प्याज भी हो गई है, जिसका लोग काफी उपयोग करते हैं। यही प्याज दो महीने बाद नई प्याज के नाम से बाजार में आ जाएगी।**

असल में नाफेड ने शहर में प्याज बेचने शुरू कर दिया था। नाफेड के अधिकारियों की ओर से बताया गया है कि प्रदेश और राजधानी के बाजार में दाम बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच हमने प्याज के दाम 25 रुपये फिक्स कर दिए हैं। शहर में 4 वाहनों से अलग-अलग स्थानों पर प्याज बिकवाई जा रही है। प्रति व्यक्ति दो किलो प्याज एक बार में दी जा रही है।

### मूलभूत जरूरतों की अनदेखी :कुछ जिलों के कलेक्टरों से जवाब तक मांगा

# चुनाव सिर पर और शहर की हजारों स्ट्रीट लाइटें बंद, जिम्मेदारों को चिंता ही नहीं !

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

चुनाव के नाम पर आम जनता से जुड़े कामों की अनदेखी की जाने लगी है। भोपाल शहर में ऐसा होता दिखाई दे रहा है। शहर में हजारो स्ट्रीट लाइटें बंद है, जिन्हें ठीक नहीं किया जा रहा है। प्रत्यक्ष तौर पर अधिकारी कह रहे हैं कि चुनाव कामों का दबाव अधिक है, और वहीं प्राथमिकता में है फिर भी स्ट्रीट लाइट दिखवाते हैं।

हर काम में चुनाव को घसीटा जा रहा है जबकि कहीं भी आयोग ने यह नहीं कहा है कि चुनाव की आड़ लेकर जनता से जुड़े अन्य जरूरी काम बंद कर दें। मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ भी हाल ही में कह चुकी है कि चुनाव में जनता से जुड़े जरूरी कामों की अनदेखी नहीं की जा सकती। ये काम भी बहुत जरूरी है। खंडीपीठ ने तो कुछ जिलों के कलेक्टरों से जवाब तक मांग लिया है।

उल्लेखनीय है कि कटारा हिल्स, नर्मदापुरम रोड, रत्नागिरी से भानपुर रोड, पिपलानी बी सेक्टर से खजूरी कला मार्ग, भेल, महात्मा गांधी से अवधपुरी, पुराना शहर, गोविंदपुरा थाना से सिक्योरिटी लाइन, करोंद, चूनाभट्टी, साकेत नगर, बावड़िया कला, मिसरोद समेत अन्य क्षेत्रों में कतार से स्ट्रीट लाइटें बंद है। इन्हीं ठीक तक नहीं किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सड़कों पर मवेशी भी बैठे रहते हैं, कई बार नौबत यहां तक आ चुकी है कि इन मवेशियों से वाहन चालक भिड़ चुके हैं। यदि स्ट्रीट लाइटें चालू रहती तो इन घटनाओं को रोका जा सकता था।



### इधर निजी हाथों में दे रखा है सुधारने का काम

बताया जा रहा है कि स्ट्रीट लाइट लगाने, इनके संचालन और मरम्मत की जिम्मेदारी पब्लिक प्राइवेट पार्नरशिप मोड पर एक निजी कंपनी को दे रखा है। इस कंपनी को करीब 33 हजार इलेक्ट्रिक फिटिंग को स्मार्ट एलईडी में बदलना है। यह काम अनमने ढ़ंग से किया जा रहा है।



**रोज पहुंच रही शिकायतें:** सीएम हेल्पलाइन और निगम के टोल फ्री नंबर पर रोजाना स्ट्रीट लाइटों के बंद होने की शिकायतें पहुंच रही है। जिनके जवाब तक ठीक से नहीं दिए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता की शिकायत को फाल्स बताकर बंद किया जा रहा है या फिर कहा जा रहा है कि शिकायत मिलने से पहले ही संबंधित क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट तो ठीक कर दी गई है।

## हनुमान चालीसा में नम्रता के साथ आदर करने की सीख

**हिरदाराम नगर।** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रार्थना सभा में हनुमान चालीस का पाठ किया जाता है। मंगलवार को संस्था के सचिव बसंत चेलानी, हीरो इसरानी एवं कथा वाचक पंडित मुकेश महाराज ने बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

मुकेश महाराज ने कहा कि हनुमान चालीसा केवल 40 दोहों का संग्रह नहीं है बल्कि इससे हमें सीख मिलती है कि हमेशा नम्रता के साथ सबका आदर करना चाहिए हनुमानजी को अपने बल पर जरा भी अहंकार नहीं था हमेशा सबके साथ नम्रता का व्सवहार करते थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी व विद्यार्थी मौजूद रहे।



### पर्यवेक्षक ने देखी व्यवस्था, जरूरी निर्देश दिए

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अब चुनाव के चंद दिन बाकी है। ऐसे में निर्वाचन आयोग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसी सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक तलत परवेज ने मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय हुजूर में राजनीतिक दलों के नामांकन के बाद हुई पत्रों की जांच के काम निरीक्षण किया। वह वेयरहाउस का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे जहां उन्होंने ईवीएम मशीन के रखरखाव का अवलोकन किया। ईवीएम मशीन रखने की व्यवस्था देखने के लिए स्ट्रांग रूम भी पहुंचे। लाल परेड मैदान में मतदान दल का सामग्री प्रदाय स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

## बीयू : निष्कासित 12 छात्रों ने छोड़ा छात्रावास बकाया फीस वालों 25 तक का अल्टीमेटम

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में चीफ वार्डन की गाड़ी में की गई तोडफोड़ मामले में छात्रावास से निष्कासित किए गए 12 छात्रों ने हॉस्टल खाली कर दिया है। इसके साथ ही छात्रों ने बीयू प्रशासन को लिखित में दिया है कि वह हॉस्टल से बाहर हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हॉस्टल की फीस नहीं देने वाले छात्रों बीयू प्रबंधन ने 25 नवंबर तक का मौका दिया गया है। जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इधर विवि प्रबंधन ने सीनियर छात्रों को मुंशी प्रेमचंद और जूनियर छात्रों जवाहर हॉस्टल में शिफ्ट करने के आदेश दिए हैं। इनकी सूची भी जारी कर दी गई है, लेकिन छात्र दूसरे हॉस्टल में जाने से पहले पलंग, मैस, पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं। वहीं जिन छात्रों की हॉस्टल की फीस जमा नहीं हुई है उन्होंने समय मांगा है। प्रशासन ने 25 नवंबर तक का समय देते हुए जूनियर-सीनियर छात्रों की शिफ्टिंग शुरू कर दी है।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, प्रबंधन के आदेश के बाद भी 12 छात्र हॉस्टल खाली करने को तैयार नहीं थे। इस दौरान छात्रों ने प्रबंधन में मनमानी करने का आरोप लगाए तो वहीं प्रबंधन ने छात्रों के नशा करने की बात कही। इसका एक तथाकथित वीडियो भी प्रबंधन को मिला है। जिसमें छात्र दारूपार्टी करते नजर आ रहे हैं। छात्रों का यह वीडियो के सामने आने के बाद प्रबंधन भी सख्त हो गया। प्रबंधन ने वीडियो में दिख रहे छात्रों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने एवं हॉस्टल की तलाशी लेने की बात कही थी।

**मेट्रो एंकर** अटल टिंकरिंग एंड रोबोटिक्स एआई लैब का शिबन एवं नन्ना वरीकू ने किया उद्घाटन

# तकनीकी एवं विज्ञान : सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान से जोड़ेगी लैब

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में अटल टिंकरिंग एंड रोबोटिक्स एआई लैब का उद्घाटन डॉ शिबन वरीकू एवंडॉ. नन्ना वरीकू ने किया। यह लैब में कम्प्यूटर्स, लैपटॉप्स 75 इंच के एलईडी इंटरएक्टिव पैनल, थ्री डी प्रिंटर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल मटेरियल से विद्यार्थियों को कोडिंग, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस एवं रोबोट्स से प्रयोग करवाए जायेंगे।

डॉ शिबन वरिकू ने कहा कि अटल टिंकरिंग एंड रोबोटिक्स एआई लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी एवं विज्ञान विषय के प्रति सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान को जोड़ना है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी भावी जीवन में विज्ञान विषय में कौशल प्राप्त कर पाएँगे और उनके लिए रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। लैब में कोडिंग, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया जायेगा जो कि आज के वक्त की ज़रूरत है। देश की नई शिक्षा नीति भी इसी दिशा में बनाई गई है। कृत्रिम रूप से विकसित बौद्धिक क्षमता से कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम बनाए जाते हैं जो तार्किक और तर्कसंगत कौशल के आधार पर चलते हैं। आशा है, लैब से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और उनका मस्तिष्क वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर संस्था सदस्यगण हीरो ज्ञानचंदानी, ए सी साधवानी, के एल रामनानी, घनश्याम बूलचंदानी, महेश दयारामानी, भगवान दामानी, गोपाल गिरधानी, भगवान बाबानी, थावर वरलानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उप प्राचार्य, आशा चंगलानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बता दे डॉ शिबन वरिकू अमेरिका के सुप्रसिद्ध यूरोलोजिस्ट हैं और सेवासदन द्वारा लगाए जाने वाले निःशुल्क यूरोलोजी केम्पो में भी अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने नव युवक परिषद के कई विद्यार्थियों को भी निःशुल्क शिक्षा हेतु गोद लिया हुआ है. साथ ही वे जीव सेवा संस्थान की कई कल्याणकारी योजनाओं में भी सहयोग करते हैं।




### नि:शुल्क लक्ष्मी माता की प्रतिमाएं एवं दीपदान

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति दीपावली पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दीप और मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं भेंट करेंगे। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि चार से 10 नवंबर तक समिति पदाधिकारियों से दीप और लक्ष्मी प्रतिमाएं पूजा के लिए ली जा सकती हैं। इसके लिए राज कुमार गर्ग 9893134754, कमलेश देवानी 7470822287, जीतू शिवनानी 9425013367 और राजेश केवलानी 7000587600 से संपर्क किया जा सकता है।

## छोटी-बड़ी खबरें

### बरकतउल्लाह विवि में नामांकन प्रक्रिया 30 नवंबर तक

**भोपाल.** वर्तमान में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में यूजी और पीजी में दाखिला लेने वाले छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में बीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट में के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों के नामांकन अब 30 नवंबर तक होंगे। इसी दौरान प्राइवेट तौर पर यूजी और पीजी करने वाले छात्रों को नामांकन कराना होगा। बता दें प्रबंधन ने पहले इसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर घोषित की थी, लेकिन आखिरी तारीख तक कई विद्यार्थियों के नामांकन नहीं हुए, इसी को ध्यान में रखते हुए बीयू ने तारीख बढ़ाई है।

### संस्कृत संस्थान में विद्यार्थियों ने ली मतदान की शपथ

**भोपाल.** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की है। जिसमें परिसर के छात्रों सहभागिता की गई। इस मौके पर संस्थान के निर्देशक प्रो. रामकांत पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता एवं मतदान के लिए शपथ दिलाई। इसी के साथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों से मतदान करने का निवेदन किया।

### सी-विजिल एप पर हुई शिकायत में होगी कार्रवाई

**भोपाल.** सी-विजिल मोबाइल एप डिजाइन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने जैसे रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, तय समय के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ लोगों को रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाएगा है। इस एप का उपयोग करके नागरिक लाइव फोटो या वीडियो कैप्चर तैयार करते हैं। निर्वाचन की तय गाइडलाइन का उल्लंघन का सबूत मिलते ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाता है। हर सी-विजिल मामले पर 100 मिनट की समयावधि के दौरान कार्रवाई और वापिस जवाब भी भेजा जाता है। एप्लीकेशन निर्वाचन के दौरान जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा करने में मदद करेगा।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जावद, गरोठ, जावरा, सांवेर व देपालपुर में जनसभाओं को संबोधित किया।



हरदा सीहोर समेत कई जिलों के भाजपा नेताओं ने कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली।

### नामांकन के बाद विस चुनाव प्रचार पकड़ रहा तेजी, गढ़े जा रहे नए शब्द

# जय-वीरू के बाद गब्बर की एंट्री, प्रत्याशी तेजी से करने लगे अपने इलाकों की 'नपती'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नामांकन दाखिले की तारीख बीत जाने के बाद अब भोपाल समेत सभी सीटों पर चुनाव प्रचार तेज होने लगा है। उम्मीदवारों ने तेजी से अपने इलाके नापने शुरू कर दिये हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निमाड मालवा क्षेत्र में देर रात तक करीब दर्जनभर रोड शो व सभा कीं। उन्होंने कांग्रेस के जय वीरू का जिक्र किया और कमलनाथ व दिग्विज सिंह उनके निशाने पर रहे। उधर कांग्रेस ने अपने बड़े नेताओं की सभा की तैयारी तेज कर दी है। नाथ भी दौरे पर निकल रहे हैं। कांग्रेस व भाजपा की निगाहें कल दोपहर तक नाम वापसी की प्रक्रिया पर भी है। इसके बाद मैदान में मुकाबले की तस्वीर साफ हो जायेगी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता नाथ व दिग्विजय को लेकर भाजपा ने इसे जय वीरू की जोड़ी कहकर निशाने लगाने का सिलसिला जारी रखा है। कांग्रेस नेता भी कह रहे हैं कि जय वीरू अब गब्बर का सफाया करने निकले हैं। मुख्यमंत्री ने जावद, गरोठ, जावरा, महिदपुर, सुसनेर, सांवेर और देपालपुर में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं के दौरान कहा कि पहले भी 2003 तक मिस्टर बंटाढार ने पूरे प्रदेश को लूटा और बर्बाद कर दिया और सवा साल में कमलनाथ ने भी प्रदेश को लूट का अड्डा बना दिया था। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस नेता अब पहचान भी छुपा रहें हैं। दिग्विजय-कमलनाथ को जय-वीरू जोड़ी कहा जा रहा हैं, लेकिन अभी जय-वीरू की जोड़ी में खटपट चल रही है। जय और वीरू तो लूटते ही थे, उनका झगड़ा ही लूट के माल के लिए होता है। ये लोग कभी भी प्रदेश और जनता का भला नहीं कर सकते हैं। चौहान ने कहा कि, कांग्रेस धन्य हैं, और सेठ कमलनाथ ने तो खूब चमत्कार किए, लेकिन उन्हें सेठ कहा तो वो चिड़ गये।

### भाजपा ने आयोग से की 3 शिकायत

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने निर्वाचन आयोग से तीन मामलों में अलग-अलग शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पहली शिकायत भोपाल मध्य के कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद व उनके तथाकथित समर्थक के खिलाफ है। इसमें कहा कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक तथाकथित व्यक्ति जो अपने आपको रईस भाई (बकरों का कारोबारी) बताते हुए माइक पकड़कर भाषण दे रहा है कि हमें आरिफ मसूद को किसी भी हालत में चुनाव जीताना है। भाजपा की शिकायत है कि भाषण में जातिगत विदेष झलक रहा है। चुनाव में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से शांति भंग हो सकती है। दूसरे मामले में पुष्पराजगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह मार्को के नामांकन पत्र में अपनी पत्नी की गलत आय अंकित करने व तीसरे मामले में धौहनी की कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश सिंह के नामांकन पत्र में अनियमितता का जिक्र है।

### दूसरे राज्यों से आई महिलाओं ने संभाला मोर्चा

भाजपा महिला मोर्चा विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर तक चुनाव प्रचार में जुटा है। चुनाव में महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तरप्रदेश से आयी प्रवासी बहनों द्वारा प्रदेश की सभी विधानसभाओं में स्वसहायता समूह और लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों से संपर्क कर रही है।यह महिला केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए गये कार्यों को लेकर घर घर पहुँच रही है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने बताया की 10 संभाग प्रभारी बहनें, मोर्चा की जिला अध्यक्ष बहनें, विधानसभा प्रभारी और प्रवासी बहनें प्रतिदिन सतत घर-घर संपर्क कर रही है।

### पत्रकारिता विवि के शिक्षकों की शिकायत आयोग से

कांग्रेस ने भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारियों द्वारा एक पार्टी विशेष के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की शिकायत निर्वाचन आयोग को की है। विधि प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रियनाथ पाठक द्वारा की गई शिकायत के अनुसार विश्वविद्यालय के कुछ विभागध्यक्षों के माध्यम से लगभग 35 छात्रों को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया एवं आईटी सेल में नमो फार इंडिया卐 के अंतर्गत भेजा गया है। यह छात्र निरंतर कुछ शिक्षकों के मार्गदर्शन में सोशल मीडिया पर काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षक और कर्मचारी आरएसएस के पदाधिकारी है और वह निरंतर चुनाव संबंधी प्रचार बैठकों में हिस्सा लेते रहते हैं। यह बैठकें संघ के कार्यालय एवं विश्विद्यालय के नवनिर्मित गेस्ट हाउस में होती हैं। कांग्रेस नेमांग की है कि चूंकि विश्वविद्यालय के कुलपति केजी सुरेश, रजिस्ट्रार अविनाश बाजपेई और शिक्षक संजय द्विवेदी (पूर्व रजिस्ट्रार) के निर्देशन में यह सब हो रहा है इसलिए इसकी जांच किसी बाहरी एजेंसी द्वारा कराई जाए। यह भी कहा गया है कि विवि के कई शिक्षक कार्यालयीन समय के बाद भाजपा का प्रचार कर रहे हैं।

### आज कौन कहां प्रचार पर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अनूपपुर, डिंडौरी और सिवनी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सागर, प्रहलाद पटेल सागर, साध्वी निरंजन ज्योति निवाड़ी व टीकमगढ़ जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगी। वहीं कमलनाथ आज नरसिंहपुर जिले के करेली और सागर जिले के जैसीनगर में चुनाव सभा करने पहुंच रहे हैं।



दक्षिण पश्चिम के भाजपा उम्मीदवार भगवानदास सबनानी का प्रचार।



भाजपा के प्रचार के लिये इस समय गुजरात उप्र से महिला मोर्चा पदाधिकारी मप्र के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सक्रिय हैं।



शंकराचार्य नगर में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार मनोज शुक्ला।

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन: 12 हजार से विद्यार्थियों ने दी ऑनलाइन परीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देश के लगभग 30 प्रान्तों से रविवार एवं सोमवार को आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में मप्र के 12279 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराकर ऑनलाइन परीक्षा दी। जबकि देश भर से 1.75 लाख विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया। मंथन के प्रदेश संयोजक डॉ. राकेश पांडेय ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यार्थियों, अभिभावक, शिक्षक, संचालकों में विज्ञान के प्रति जागरूकता, सकारात्मक सोच का प्रभाव दिखा। इससे नवाचार, अनुसंधान को भारत सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इससे प्रदेश के नवयुवा को ज्ञान ,विज्ञान,संस्कृति, कला और आतीत से आधुनिक अनुसंधान की जानकारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश को एक नई वैज्ञानिक समझ के बाल वैज्ञानिक दिखेगे।जो भविष्य को नए राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बनेगे। यह विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा एनसीईआरटी, एनसीएसएम, मेपकास्ट एवं विज्ञान भारती द्वारा आयोजित की गई।

## 'विश्वविद्यालय का काम सिर्फ अध्यापन ही नहीं है, बल्कि शोध करना भी है'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विश्वविद्यालय का काम सिर्फ अध्ययन, अध्यापन ही नहीं है, बल्कि शोध करना भी है । मौसम स्टेशन के डेटा को आप वैश्विक स्तर पर भी उपयोग कर सकते हैं। समाज को जागरूक करने की बात करते हुए उन्होंने मौसम स्टेशन को किसानों के लिए मददगार है। यह बात एक कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी के कुलपति ने कही। उन्होंने छात्रों को शोध के लिए प्रेरित करने की बात भी कही। दरअसल, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्व विद्यालय (एमसीयू) में अमेरिकी विश्वविद्यालय (सीयूएनवाई) ने अपना मौसम स्टेशन स्थापित किया। प्रशासनिक भवन के ऊपर सोलर वेदर स्टेशन के इंस्टालेशन के पश्चात कुलपति प्रो. केजी सुरेश एवं सीयूएनवाई की रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर परमिता सेन एवं निदेशक नील फिलिप ने इसका लोकार्पण व सर्वर रूम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पश्चात दोनों विवि ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए वेदर मॉनिटरिंग, क्लाइमेट चेंज पर कार्यशाला भी हुई।

## जागरुकता : छात्रा ने फेस पेंटिंग के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मतदान जागरूकता के लिए अभियान चलाया। इसके अंतर्गत रंगोली, फेस पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों बड़े उत्साह से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाविद्यालय की छात्रा सकीना शाह ने फेस पर आकर्षक पेंटिंग कर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया।

**मेट्रो एंकर** माशिमं : अब 1 से 15 नवंबर तक परीक्षा फार्म जमा करने पर लगेगा विलंब शुल्क

## आज से 10वीं-12वीं के परीक्षा फार्म में लगेगी पांच हजार रुपए लेट फीस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। परीक्षा के फार्म भरने के लिए बुधवार से जमा करने पर पांच हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। कई संस्थाओं के नियमित विद्यार्थियों के अभी तक सामान्य शुल्क के साथ फार्म जमा नहीं हुए हैं। पिछले साल भी कुछ संस्थाओं द्वारा नियत समय तक विद्यार्थियों के फार्म जमा नहीं किए थे। जिसके बाद मंडल ने शासकीय स्कूलों को फार्म भरने में विलंब शुल्क में छूट दी थी।



फाइल फोटो

माशिमं की प्रवेश नीति के अनुसार, अब 1 नवंबर से 15 नवंबर तक परीक्षा फार्म जमा करने पर पांच हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। इस तिथि में भी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म जमा नहीं हुए, तो 16 नवंबर से 30 नवंबर तक 10 हजार रुपए विलंब शुल्क लगेगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के दस दिन पहले तक 12 हजार विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किया जाएगा।

### अब तक यह थी स्थिति

माशिमं की प्रवेश नीति में 10वीं-12वीं परीक्षा के फार्म जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक 1200 रुपए नियमित शुल्क के साथ निर्धारित की थी। इसके बाद मंडल ने 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अनुमति दी। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 2000 रुपए विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किए जा सकते थे। दो हजार विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करने की तिथि मंगलवार को समाप्त हो गई। इस तिथि तक कई संस्थाओं के विद्यार्थियों के फार्म जमा नहीं हुए है।



**सुविचार**

''समय बहकर
ले जाता है
नाम और निशां
कोई 'हम' में
रह जाता है
तो कोई
'अहम' में ''

-अज्ञात

## संपादकीय

# चुनाव में प्रत्याशी चयन

पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव को केंद्रीय सत्ता का सेमीफाइनल भी कहा जा रहा है लेकिन इसमें बडे दलों के लिये अपने चेहरे चुनना कितना कठिन हो रहा है यह भी नजर आने लगा है। बड़े राज्यों में टिकट वितरण को लेकर गुस्सा फूट रहा है और नेता दूसरे दलों का दामनथाम रहे हैं या बागी होकर मैदान में उतर गये हैं। मप्र की चर्चा ज्यादा है क्योंकि यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस तरह के असंतोष के मामले में बराबरी पर हैं। दोनों पार्टियों में असंतुष्टों के विरोध प्रदर्शन की खबरें नेतृत्व के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। लेकिन यह किसी खास राज्य या चुनाव तक सीमित समस्या नहीं है। यह लोकसभा चुनाव के दौरान भी होता है। मगर हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस के ही एक कार्यक्रम के दौरान दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच हुई एक मजाकिया नोकझोंक का चर्चा में रही। जिसमें दोनों इस बात पर बहस कर रहे थे कि टिकट बंटवारे से नाराज कार्यकर्ताओं को किसके कपड़े फाड़ने चाहिए। हालांकि इसे कांग्रेस नेताओं के बीच आपसी सद्भाव के सबूत के रूप में पेश किया गया था, लेकिन वह इस बात का भी प्रमाण था कि भारतीय राजनीति में टिकट बंटवारे से पार्टी में उपजने वाले असंतोष को अब सहज और सामान्य मान लिया गया है। वैसे भी एक एक सीट पर दस से ज्यादा टिकट दावेदारों में सही चुनाव पार्टी के लिये मुश्किल ही होता है। देखा जाए तो एक स्तर पर यह तमाम दलों में बढ़ते अति केंद्रीकरण का भी सबूत है। राष्ट्रीय ही नहीं, तमाम क्षेत्रीय दलों में भी यह प्रवृत्ति दिखती है, जिसे नेतृत्व की मजबूती के रूप में पेश किया जाता है। हालांकि कई विशेषज्ञ इसे राजनीतिक दलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं की बदलती निष्ठा की समस्या से जोड़कर देखते हैं और नेतृत्व की ओर से किए जाने वाले रिस्क घटाने के प्रयासों का हिस्सा मानते हैं। पार्टी की ओर से आर्थिक और अन्य फायदों का केंद्रीकृत बंटवारा भी इसमें शामिल है। आखिरकार इन सबका मकसद पार्टी पर किसी खास नेता या गुट या परिवार का नियंत्रण बनाए रखना ही होता है। इसीलिए यह प्रवृत्ति न केवल पार्टी के दूरगामी हितों के खिलाफ है बल्कि लोकतंत्र की सेहत के लिए भी नुकसानदेह साबित होती है। इसके बचाव में दलीलें चाहे जो भी दी जाएं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह पार्टी नेतृत्व और स्थानीय पार्टी काडर के बीच बढ़ती खाई का संकेत है। किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्यपालिका और आम नागरिकों के बीच पुल का काम यह स्थानीय पार्टी का कार्यकर्ता ही करता है। जाहिर है, इसका पार्टी नेतृत्व से जुड़ाव कम होना या टूटना लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की जनता के प्रति जवाबदेही को कमजोर करता है। यही वजह है कि अन्य देशों में लोकल पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। मसलन, ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी पिछले दो दशकों से प्राइमरीज के जरिए प्रत्याशियों का चयन करने पर जोर दे रही है, जिसमें वोटर भी शामिल होते हैं। 2019 के चुनाव में तो उसने प्रत्याशियों की सूची अंतिम मंजूरी के लिए लोकल यूनिटों के पास भेज दी थी। अन्य देशों में ऐसे और भी प्रयोग गौर करने लायक हैं। हालांकि इन तमाम प्रयोगों के अपने फायदे और नुकसान हैं। इसलिए इन्हें ज्यों का त्यों अपना लेने की वकालत नहीं की जा सकती, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि भारत में भी दलों को चाहिये कि वे प्रत्याशी चयन के मामलों को ज्यादा पारदर्शी व व्यवस्थित बनायें।

## कविता

### चाय पर बुलाया !



– कृष्णेन्द्र राय

फिर से एक बार ।
चाय पर बुलाया ।।
पूछताछ भी होगी ।
आगे ये फ़रमाया ।।
है गरमायी राजनीति ।
जानबूझकर खेल ।।
एक एक करके ।
कस रहे नकेल ।।
है मचा कोहराम ।
नए नए बयान ।।
चाहते हमारा वो ।
गिर जाए सम्मान ।।
पर देना जवाब है ।
फिर काहे घबराना ।।
ना भरी है जेब ।
है केवल बताना ।।

## आज का इतिहास

- 2008 में आज ही के दिन केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त के बाद पेंशन फंड से धन निकालने की सुविधा खत्म की थी।
- 2005 में 2 नवंबर को ही गुलाम नबी आज़ाद ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया था।
- 2002 में आज ही के दिन मुफ़्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया था।
- 2001 में 2 नवंबर को ही अफगानिस्तान में विशेष बलों की संख्या बढ़ाने का अमेरिका का फैसला था।
- 1999 में आज ही के दिन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केंद्रों पर अज्ञात लोगों ने राकेट से हमला किया था।
- 1951 में 2 नवंबर को ही मिस्र में ब्रिटेन के खिलाफ हुए प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिए करीब छह हजार ब्रिटिश सैनिक पहुंचे थे।
- 1936 में 2 नवंबर को ही बीबीसी ने टेलीविजन सेवा शुरू की थी और यह विश्व की पहली रेगुलर हाई डिफनिशन सेवा थी।
- 1914 में आज ही के दिन रूस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध घोषित किया था।
- 1834 में 2 नवंबर को ही एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था, जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1883 में आज ही के दिन असम के स्वतंत्रता सेनानी तथा राजनेता बसंत कुमार दास का जन्म हुआ था।
- 1929 में 2 नवंबर को ही प्रसिद्ध भारतीय चरित्र अभिनेता राम मोहन का जन्म हुआ था।
- 1940 में आज ही के दिन साहित्यकार ममता कालिया का जन्म हुआ था।
- 1960 में 2 नवंबर को ही हिंदी फिल्म संगीतकार अनु मलिक का जन्म हुआ था।
- 1965 में आज ही के दिन हिंदी फिल्म अभिनेता शाहरुख़ ख़ान का जन्म हुआ था।
- 2012 में आज ही के दिन अमेरिकी गणितज्ञ श्रीराम शंकर अभयंकर का निधन हुआ था।
- 1885 में 2 नवंबर को ही मराठी रंगमंच में क्रांति लाने वाले प्रसिद्ध नाटककार अण्णा साहेब किर्लोस्कर का निधन हुआ था।

# खाद्यान्न संकट के बीच कुपोषण की चुनौती

**सुबीर रॉय**



नवीनतम वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत को 111वें स्थान पर रखा गया है, यह जगह 125 मुल्कों में न केवल सबसे निचले पायदानों की है बल्कि हम पड़ोस के बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और पाकिस्तान से भी पिछड़े हुए हैं। उम्मीद के मुताबिक भारत सरकार की ओर से खंडन आना ही था। भारत ने इस सूचकांक को नकारते हुए कहा है भुखमरी पैमाना के इस ढंग में प्रणालीगत खामियां हैं। यहां तक कि एक कदम आगे जाकर इसको वह हरकत ठहराया है, जिसमें 'बदनाम करने का इरादा' झलकता है।

यह सूचकांक वेल्ट हंगर हाइफे (डब्ल्यूएचएच) और कंसर्न वर्ल्डवाईड नामक दो नामचीन संस्थानों द्वारा बनाया जाता है। यह भांपते हुए पिछले सूचकांकों की भांति भारत इस बार भी आकलन पर एतराज करेगा, दोनों संस्थाओं ने भारत सरकार से बात करने के बाद और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा उपलब्ध डाटा को शामिल करते हुए यह सूचकांक जारी किया है।असल में, यह सूचकांक समूची वैश्विक व्यवस्था के लिए बुरी खबर बता रहा है। वैश्विक भुखमरी का आंकड़ा बहुत ऊंचे स्तर पर बना हुआ है और इसको नीचे लाने पर प्रगति पिछले सालों में ठहरी-सी है। वर्ष 2008 और 2015 के आंकड़ों में उभार (जो कि वास्तव में स्थिति और बिगड़ने का द्योतक है) अपने से पिछले साल के मुकाबले चार बिंदु अधिक रहा, वहीं 2023 का नवीनतम आंकड़ा 2015 से एक बिंदु कम है। साथ ही, कुपोषण की रेखा भी असल में ऊपर उठी है।

वैश्विक और राष्ट्रीय सूचकांक की गणना करने में चार संकेतक इस्तेमाल किए जाते हैंङ्क कुपोषण (नाकाफी कैलोरी ग्राह्यता), लंबाई में आशातीत वृद्धि न होना (उम्र के अनुसार कम लंबाई), कम भार (लंबाई के मुताबिक कम भार) और शिशु-मृत्यु दर (पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत)। वर्तमान लेखा-जोखा बताता है कि वर्ष 2030 तक विकास ध्येय पाने की पूर्ति में उपरोक्त चारों संकेतक आशान्वित नहीं करते। 2030 तक शून्य भुखमरी ध्येय पाने की दिशा में, 58 राष्ट्र यानी कि नवीनतम सूची में शामिल लगभग आधे देश, शून्य का आंकड़ा पाना तो दूर की बात है, न्यूनतम-भुखमरी स्तर की प्राप्ति भी नहीं कर पाएंगे।

वर्ष 2015 से 2023 के बीच बनी इस अधोगति का अध्ययन दो कारण बताता है। पहले कोविड-19 महामारी का आना और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध, जिससे खाद्य कीमतों में बहुत ऊंचा उछाल आया। कुछ गरीब मुल्कों में तो लोग एक वक्त के भोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। छोटे स्तर में ही सही, गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाकर भारत ने भी अंतर्राष्ट्रीय खाद्य तंगी और उच्च मूल्य बनाने में भूमिका निभाई है क्योंकि सबसे बड़े चावल निर्यातकों में भारत एक है।

चिंताजनक यह है कि वैश्विक खाद्य स्थिति में सुधार होने की संभावना नहीं दिख रही। अतिशयी मौसमीय मार (जो कि पर्यावरणीय बदलावों का नतीजा है) लगातार बढ़ने लगी है और जिससे बनी बाढ़ या सूखे खाद्यान्न उत्पादन पर असर डालते हैं। इसके साथ ही, यदि इस्राइल-हमास लड़ाई में आसपास के मुल्क भी कूद पड़े तो इससे खाद्यान्न आपूर्ति में आगे अनिश्चितता बनेगी और कीमतें और ऊपर उठेंगी। सूचकांक में प्रयुक्त हुए चार संकेतकों में तीन में भारत और पड़ोसी देश सबसे खराब श्रेणी में नहीं आते अर्थात्? उम्र-बनाम-लंबाई, कुपोषण और शिशु-मृत्यु दर में। लेकिन भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश लंबाई-बनाम-भार श्रेणी में सबसे अधिक प्रभावित वर्ग में है। इन तीनों में, भारत का आंकड़ा सबसे अधिक 18.7 फीसदी होने के कारण स्थिति सबसे खराब है, तो श्रीलंका (13.1 प्रतिशत) और बांग्लादेश 11 फीसदी स्कोर के साथ सबसे ऊपर है। यह दृश्यावली उस बृहद हकीकत से भी बंधी है, जिसमें बांग्लादेश कहीं ज्यादा गरीब होने के बावजूद मानव विकास संकेतकों में भारत से ऊपर स्थान पर है।

सूचकांक रिपोर्ट में नीतियों में सुधार के वास्ते कई सिफारिशें सुझायी गई हैं। कहा गया है कि खाद्य व्यवस्था में बदलाव करने में 'भोजन का अधिकार' को प्रक्रिया का आधार बनाया जाए। इस खाद्य व्यवस्था की रूपांतरण प्रक्रिया में युवाओं की क्षमताओं पर निवेश किया जाए। सततापूर्ण, न्यायसंगत और लचीली खाद्य व्यवस्था में निवेश करके सुनिश्चित किया जाए कि वे युवा जनसंख्या को व्यवहार्य और आकर्षक कमाई करने का मौका मिल पाए। भारत सरकार के लिए इसका मतलब है, 'भोजन का अधिकार' बनाना, जो भले ही संविधान में लिखित रूप में न हो परंतु 'शिक्षा का अधिकार' की भांति सबकी एक वास्तविक जरूरत है। जिस तरह 'शिक्षा का अधिकार' कार्यक्रम पर क्रियान्वयन हुआ है, लगता है चाहे 'अधिकार' शब्द से यह जरूरत कानूनन रूप से पाने की राह खुलती हो, पर जब तक इस पर अमल अर्थपूर्ण न हो पाएगा तब तक यह न्यायसंगत नहीं बन पाएगी। इसके अतिरिक्त, कोई वजह नहीं कि अपने ज्यादा अनुभवों के साथ बड़े-बुजुर्ग खाद्य व्यवस्था में रूपांतरण के लिए बढ़िया योगदान न कर पाएं।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक पर भारत के एतराजों के पीछे कई कारण हैं। कुपोषण का डाटा, जो कि सूचकांक का मुख्य अवयव है, वह गैलप वर्ल्ड पोल की खोज पर आधारित है, जिसका सर्वेक्षण केवल 3000 लोगों पर आधारित है। इस रिपोर्ट में भारत में उम्र-बनाम-लंबाई और लंबाई-बनाम-भार में असमानता दर बहुत अधिक बताई गई है। यह डाटा राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वे (2019-21) से लिया गया है। भारत सरकार का एतराज यह भी है कि सूचकांक बनाते वक्त वास्तविक समय आधारित 'पोषण ट्रैकर' डाटा को गिना जाना चाहिए था। भारत सरकार विश्व स्वास्थ्य संगठन के बहु-केंद्रीय विकास संदर्भ अध्ययन का डाटा इस्तेमाल करने पर भी सवाल उठाती है, जिसने उम्र-बनाम-लंबाई और लंबाई-बनाम-भार का जमीनी सर्वे भारत में 1997-2003 में किया था, जो कि अब पुराना पड़ चुका है। एक एतराज यह भी है कि अध्ययन में दक्षिण भारत के अमीर बच्चों का ही डाटा लिया गया है जो कि पूरे देश के बच्चों की स्थिति का वास्तविक प्रतिनिधित्व नहीं करते।

बेशक वैश्विक सूचकांक को खारिज करना आसान है लेकिन भारत के लिए आगे की राह है क्या? वर्तमान में काफी सब्सिडी देकर सस्ती दर पर खाद्य उपलब्धतता नीति, सबको स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित ध्येय, और खुले में शौच रोककर स्वच्छता बनाने के कार्यक्रम जारी हैं। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में इनकी भी भूमिका है। साथ ही, ग्रामीण जनसंख्या को भुखमरी से बचाने के मकसद से चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम को विस्तार देकर, इसमें सकल ग्रामीण गरीबों को भी शामिल करना चाहिए।

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, अनेक राज्य सरकारें 'मुफ्त की रेवड़ियां' देने का वादा कर रही हैं, जिसको वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेवाराना ठहराकर समीक्षक आलोचना किया करते हैं, लेकिन गरीबी और भुखमरी को दूर रखने में इनकी भी भूमिका है।

सूचकांक में प्रयुक्त शब्द 'भुखमरी' हो सकता है यथेष्ट संज्ञा न हो, लेकिन इसमें शक कम ही है कि जरूरतमंद बच्चों में कुपोषण से निपटने को बनाई गई आंगनवाड़ी व्यवस्था नाकाफी होने से पौष्टिकता की कमी व्यापक रूप से बनी हुई है। नीति-निर्माताओं को सूचकांकों से परे जाकर देखने और इन मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषक हैं। ये लेखक के अपने विचार हैं।

# मैं आकाशवाणी भोपाल हूं साढ़े छह दशकों से आपके सुख दुख का साथी!!

**संजीव शर्मा**

मैं आकाशवाणी भोपाल हूं। हमारे राज्य मध्य प्रदेश का बड़ा भाई, वैसे तो हम जुड़वा भी हो सकते थे लेकिन मप्र की स्थापना से महज एक दिन पहले मैं अस्तित्व में आ गया। शायद, हमारे प्रदेश के जन्म और फिर इसकी विकास यात्रा से आप सभी को रूबरू कराने के लिए मुझे जुड़वा की बजाए चंद घंटे ही सही बड़ा बनना पड़ा। बस, तब से हम साथ साथ अपने अपने सफर पर हैं। आमतौर पर छोटा प्रगति करे तो बड़े को ईर्ष्या होने लगती है लेकिन हमारा मामला अलग है। हम कुछ कुछ अकबर बीरबल या फिर विजयनगर साम्राज्य के कृष्णदेव राय और तेनालीराम जैसे हैं। मेरा काम राज्य के लोगों का मनोरंजन करने के साथ सही गलत की जानकारी देना भी है।

एक दौर था जब मेरी तूती बोलती थी। मेरे मुंह से अपना नाम सुनने के लिए नेताओं और कलाकारों की लाइन लगी रहती थी।आम लोगों की दिनचर्या का मैं अटूट हिस्सा था।

रेडियो के सबसे लोकप्रिय श्री रामचरित मानस गान की शुरुआत का श्रेय मुझे ही जाता है। तो, फ़ोन इन कार्यक्रम को लाइव प्रसारित कर आपके पसंदीदा और फरमाइशी कार्यक्रम प्रस्तुत करने की शुरुआत भी मैंने ही की थी। मेरे सुरीले कंठ से निकले गीत, समसामयिक कार्यक्रम और बिना किसी मिलावट की खबरें प्रदेश के लोगों के लिए सूचना,शिक्षा और मनोरंजन का एकमात्र जरिया थे। बहुजन हिताय बहुजन सुखाए के आदर्श वाक्य की कसौटी पर खरा उतरते हुए मैने विश्वनीयता और भरोसे की ऐसी मिसाल कायम की है कि आज भी लोग आंख मूंदकर मेरी सूचना पर भरोसा करते हैं और इसके लिए मुझे अनेक पुरस्कार भी मिले हैंज्आखि़र, इतने साल के सफ़र में आपका विश्वास और प्यार ही तो मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।




हमने, यानि मैंने और मप्र ने अपने छह दशकों के सफर में तमाम उतार चढ़ाव देखे हैं। मप्र ने 1 नवम्बर 1956 को जन्म लिया और मैने इससे एक दिन पहले 31 अक्तूबर 1956 को। मेरा जन्म भोपाल के बड़े तालाब के किनारे स्थित काशाना बिल्डिंग नाम की एक छोटी सी इमारत में हुआ था और आज श्यामला हिल्स पर पूरे गर्व और सम्मान के साथ मेरा परचम लहरा रहा है ।

मानवीय नजरिए से देखें तो हमें अब बूढ़ा होना चाहिए लेकिन संस्थान या राज्य के लिहाज से हम जवान हो रहे हैं और अपने कष्ट के दिन पीछे छोड़कर आधुनिकता की कुलांचे भर रहे हैं। मप्र की गाथा बताने वाले तो सैकड़ों हैं लेकिन आज तो आपको मेरी कहानी सुनाने का दिन है।

पुराने किस्सों पर जाने से पहले आज की स्थिति जानना जरूरी है। अब मेरे परिवार में विविध भारती/एफएम, न्यूज ऑन एआईआर, डीटीएच और सोशल मीडिया सहित कई नए परिजन जुड़ गए हैं। अब मुझसे जुड़ने के लिए रेडियो सेट की अनिवार्यता खत्म हो गई है। आकाशवाणी भोपाल यानि मुझे आप न्यूज ऑन एआईआर ऐप के जरिए मोबाइल फोन में सुन सकते हैं और इसके जरिए दुनिया के किसी भी कोने से आप मुझे सुन सकते हैं। डीटीएच डिस्क ने मुझे टीवी सेट से जोड़ दिया है मतलब आप टीवी पर भी मेरे कार्यक्रम सुन सकते हैं। एफएम के जरिए मैं आपकी कार का साथी हूं और हम आप लगभग रोज इसके माध्यम से जुड़े रहते हैं। सोशल मीडिया पर यूट्यूब से लेकर ट्विटर (अब एक्स) और फेसबुक तक मेरी मौजूदगी है। अब एक बार प्रसारित हो चुके समाचारों और कार्यक्रमो को आप बिना किसी की चिरौरी किए मेरे सोशल मीडिया पेज के जरिए सालों साल सुन सकते हैं।

मैंने, अपने रुंधे कंठ से इतिहास के जघन्यतम भोपाल गैस काण्ड के पीड़ित परिवारों की दास्तां सुनाई है और उनके फिर उठकर खड़े होने की जिजीविषा भी। मैंने भोपाल को पुराने शहर से नए शहर का चोला बदलते भी देखा है और हबीबगंज को कमलापति स्टेशन बनते भी। मैंने दंगों की पीड़ा सही है तो सबसे स्वच्छ राजधानी का खिताब पाकर गर्व भी महसूस किया है। अपनी नई पीढ़ी की राष्ट्रीय अंतर राष्ट्रीय पटल पर उपलब्धियों को भी सबसे पहले मैंने ही सुनाया है तो इमरजेंसी की खबर भी मुझे ही देनी पड़ी है। पंडित रविशंकर शुक्ल से लेकर मौजूदा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान तक सत्ता के हर बदलाव का मैं आधिकारिक साक्षी रहा हूं।

इस बार भी चुनाव की पल पल की सूचना मैं आप तक पहुंचा रहा हूं। अब भले ही सूचना के सैकड़ों झरने प्रदेश में कल कल बहने लगे हैं पर उनकी चीख पुकार और बेनतीजा बहसों से लोग ऊबने भी लगे हैं । इसलिए मैं अपनी मीठी आवाज,मधुर संगीत, सुकून भरे कार्यक्रमों और ख़ालिस,सटीक एवं विश्वसनीय खबरों के साथ साढ़े छह दशक बाद भी आपके साथ हूं,आपके आसपास हूं, क्योंकि मैं आपकी,अपने राज्य की और यहां के लोगों की सच्ची और अच्छी आवाज़ हूं तो सुनते रहिए आकाशवाणी भोपाल।

**साभार : फेसबुक वॉल से**

## प्रतिभागियों ने ली मतदान की शपथ






# मतदाता जागरूकता अंतर्गत पचमढ़ी में हुआ मैराथन का आयोजन

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में मैराथन के माध्यम से 17 नवंबर को मतदान करने का संदेश दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता (स्वीप) मैराथन का आयोजन किया गया। उक्त मैराथन में पचमढ़ी के सी.एम. राईज स्कूल, केन्ट स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, बी.टी.आई. के छात्र / छात्राओं व शिक्षण गणों के साथ-साथ पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र तथा वन विद्यालय सहित पचमढ़ी के समस्त विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारियों के द्वारा भाग लिया गया।

मैराथन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी नर्मदापुरम जिला पंचायत एस.एस. रावत , मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद पचमढ़ी रमेश एन द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मैराथन समापन उपरान्त मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।उक्त मैराथन में भाग लेने के लिये सभी विभागों का रविप्रकाश नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा पचमढ़ी ने आभार व्यक्त किया एवं 17 नबम्बर को मतदान हेतु सभी से अपील किया। मैराथन की समाप्ति पर जय स्तम्भ चौराहे पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नर्मदापुरम एसएस रावत द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वीप शपथ एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

## कल नाम वापसी की अंतिम तिथि

# नर्मदापुरम के 4 विस क्षेत्रों के नाम निर्देशन- पत्रों की संवीक्षा में 11 नामांकन निरस्त

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने जा रहे हैं विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिवस तक 54 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। आज इन नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटिनी) रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई, जिसमें से 11 नाम निर्देशन पत्र विधि सम्मत नहीं पाए जाने पर निरस्त किए गए। इस प्रकार अब 47 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में शेष हैं।

नर्मदापुरम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 अभ्यर्थियों द्वारा 22 नाम निर्देशन-पत्र जमा हुए थे ,जिनमें से 2 नाम निर्देशन पत्र निरस्त हुए है। राजेश शर्मा और भगवती चौरे द्वारा भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी के रूप में भरे गए नाम निर्देशन पत्र जांच उपरांत निरस्त किए गए हैं तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनके आवेदन स्वीकार किए गए हैं। नर्मदापुरम विधानसभा में सभी 13 अभ्यर्थी निर्वाचन में शेष है।पिपरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 में से 3 नाम निर्देशन-पत्र संवीक्षा में निरस्त किए गए हैं। अनिल कुमार कोरी का भारतीय जनता पार्टी से , होती लाल चौधरी का आजाद समाज पार्टी से और अखिलेश कुमार गढ़वाल का राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी से नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया गया हैं। इस प्रकार यहां 8 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए।

सोहागपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11 अभ्यर्थियों द्वारा 18 नाम निर्देशन-पत्र जमा किए गए थे। जिनमें से जांच के बाद 1 नाम निर्देशन-पत्र को विधि सम्मत नहीं पाए जाने पर निरस्त किया गया। उमेश कुमार द्वारा आम आदमी पार्टी से भरे गए नाम निर्देशन पत्र को निरस्त किया गया। उनका निर्दलीय प्रत्याशी का नाम निर्देशन पत्र स्वीकार हुआ हैं। यहां सभी अभ्यर्थी 11 चुनाव मैदान में शेष हैं।

सिवनीमालवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अभ्यार्थियों के द्वारा 25 नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए थे। जिनमें से 5 अभ्यर्थी का नाम निर्देशन- पत्र स्क्रूटिनी में निरस्त किया गया। जिसके बाद सिवनीमालवा में अब 15 अभ्यर्थी निर्वाचन में शेष हैं। ओमप्रकाश रघुवंशी का इंडियन नेशनल कांग्रेस, राधेश्याम पटेल का इंडियन नेशनल कांग्रेस, सुधीर कुमार गौर का इंडियन नेशनल कांग्रेस, भगवान दास पार्टी का आम आदमी पार्टी तथा अनीता वर्मा का भारतीय जनता पार्टी से भरे गए नाम निर्देशन पत्र जांच उपरांत निरस्त किए गए हैं।



नर्मदा पुरम विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विधायक डॉक्टर सीता शरण शर्मा ने नामांकन रैली के दौरान आम सभा को संबोधित किया. भाजपा समर्थन में आई भीड़ ने डॉक्टर शर्मा का स्वागत किया।

## सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण

# कलेक्टर एसपी ने सोहागपुर और पिपरिया में निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा

### ईवीएम कमीशनिंग की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह निरंतर भ्रमण कर चारों विधानसभाओं में निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लें रहें। मंगलवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सोहागपुर और पिपरिया विधानसभा पहुंचे, यहां उन्होंने सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण कर एवं ईवीएम कमिश्निंग की व्यवस्थाओ की जानकारी ली।कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए की सामग्री वितरण स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। स्थल पर , वाहन पार्किंग ,पेयजल ,मतदान दलों के बैठने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ईवीएम की कमीशनिंग की व्यवस्थाएं भी देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधी समस्त प्रक्रियाओं के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सोहागपुर बृजेन्द्र रावत, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलका एक्का तथा पिपरिया में निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# निर्वाचन प्रेक्षक दास और मीना ने किया रेलवे स्टेशन इटारसी का निरीक्षण

**नर्मदापुरम**.आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी मालवा का निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक उदय नारायण दास एवं शिवहरी मीना ने निरीक्षण किया। प्रेक्षको ने विधानसभा क्षेत्र सिवनीमालवा अंतर्गत ब्लॉक केसला के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण क निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। इसके पश्चात प्रेक्षको ने विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम अंतर्गत इटारसी के भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेलवे स्टेशन इटारसी का भी भ्रमण कर आवश्यक निर्देश, जैसे स्कैनिंग मशीन एवं चेक पॉइंट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के आवागमन हेतु पृथक-पृथक एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट बनाएं । साथ ही मतदान केन्द्रों की साफ सफाई एवं अनावश्यक पड़ी सामग्री को तत्काल हटाए जाने की बात भी कही। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी नीता कोरी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र सिंह चौहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी रितु मेहरा, थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, जीआरपी थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान, स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।



## सिवनीमालवा विस

## जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

# निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का गंभीरता से पालन करें सभी राजनीतिक दल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास , सुहास एस, पुलिस प्रेक्षक शिवहरि मीना , पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री सिंह ने राजनैतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर को प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की कार्यवाही की गई हैं। अब से 2 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की कार्यवाही की जाएगी। जिसके बाद सभी निर्वाचन लडने वाले सभी अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। उन्होनें बताया कि सभी विधानसभा स्तर पर अभ्यर्थियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें राजनीतिक दलों को मतदाता सूची , मतदान केंद्रों , सर्विस वोटर्स की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने आगामी निर्वाचन संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 4 नवंबर को जिला कार्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस में मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग की कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 6 नवंबर को ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जाएगा।



**6 नवंबर से 9 नवंबर तक वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं का मतदान:** कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चारों विधानसभाओं में 80 प्लस आयु के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को घर पहुंच मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 12 डी आवेदन का वितरण किया गया था। जिसमें सहमति के आधार पर जिले में कुल 1571 द्य मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन मतदाताओ का मतदान 6 नवंबर से 8 नवंबर तक कराया जायेगा। 9 नवंबर को केवल किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर घर में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथियां पर कहां-कहां मतदान करवाया जाएगा इसकी सूचना मतदाताओं के साथ राजनीतिक दलों को भी दी जाएगी। केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक श्री दास ने कहा कि सभी राजनीतिक दल आदर्श आचरण संहिता का गंभीरता से पालन करें।





# लंबे समय के बाद यातायात पुलिस दिख रही है, अपना काम करते हुए!


**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यातायात सूबेदार से लेकर पुलिस बल होने के बाद भी समस्या ठीक नहीं हो पा रही है। हमारे संवाददाता द्वारा जनहित में इस मामले को लगातार प्रकाशित करके वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान भी आकर्षित करवाया जा रहा है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है । इसलिए दो-तीन दिनों से सड़क पर यातायात पुलिस नजर आने लगी है भारी वाहनों को रोकने के टोकने का काम भी हो रहा है, नहीं तो पहले इनके सामने ही भारी वाहनों का प्रवेश पूरे समय जारी रहता था। जाम की विकराल समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए यातायात पुलिस के साथ पुलिस प्रशासन ने भी भी ध्यान दे शुरू कर दिया है। जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं तभी तो यातायात पुलिस पहले इस व्यवस्था को देखने के लिए भी नहीं पहुंचती थी पर अब सुबह से ही इस काम में लग जाती है। जिसमें सबसे बड़ी समस्त है इस समय मंडी बाबा कोट ही मंडी रोड से लेकर लिंक रोड छतरी चौराहा, बासौदा नाके पर यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से करती हुई नजर आई । मंगलवार को बासौदा नाके पर जाम के कारण हो रही समस्या को दूर करने के लिए आसपास रखिए गुमठियों, हाथ ठेले वालो को हटवाया, साथ ही भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश भी जारी हुआ है पर उसको सही तरीके से लागू नहीं किया इसकी वजह से शहर की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। मुख्य बाजार में तो जाम की समस्या रहती है ट्रैफिक पुलिस की अनदेखी के कारण मुख्य मार्गों पर भी समस्या बड़ी हुई है । इसको काफी हद तक दूर करने का प्रयास कुछ दिन से यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह की कार्रवाई होती रही तो जाम की समस्या से काफी हद तक दूर हो जाएगी। शायद जिम्मेदार अधिकारी भी इस समस्या को गंभीरता से दूर करवाने के लिए दिखाई दे रहे हैं तभी तो यातायात पुलिस सड़कों पर नजर आने लगी नहीं तो देखा जा रहा है शहर को छोड़ कर शहर के बाहर यातायात पुलिस बाहर से आने वाले वाहन चालकों को परेशान करते नजर आते है यह चर्चा इनकी जोर-शोर से होती रहती है इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में आने जाने-वाले वाहन चालकों को भी काफी परेशानी होती थी निरंतर यातायात पुलिस अपने काम को इसी तरह करती रही तो जाम की समस्या से नगर वासियों को मुक्ति मिल सकती है।

**शोएब खान की कांग्रेस में वापसी**

## अल्पसंख्यक कांग्रेस के कद्दावर नेता की वापसी से कांग्रेस को मिलेगी मजबूती?





**सिरोंज ।** गत वर्ष पहले नगरीय निकाय चुनाव के बाद कई अल्पसंख्यक नेताओं का नगर कांग्रेस अध्यक्ष से जिले के एक पदाधिकारी द्वारा रिपोर्ट लेकर जिला कांग्रेस द्वारा विवादित निष्कासन कर दिया था जिसको लेकर वरिष्ट कांग्रेस नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश प्रभारी तक अवैधानिक निष्कासन को लेकर बराबर लड़ते रहे हैं जिसमें शोएब खान,रशीदा खानम, फैसल सईद, मोहम्मद शफीक, सरदार मोहम्मद लटेरी, नसीम खान लटेरी शामिल थे अंत में दिग्विजय सिंह, कमलनाथ ने पार्टी हित में सभी निष्कासित नेताओं का निलंबन समाप्त कर दिया है। वही देखा जाए की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इन चेहरों से पार्टी को मजबूती मिल सकती है। वही देखा जाए की शोएब खान ने विधानसभा का नामांकन फॉर्म लिया था लेकिन उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया । कांग्रेस पार्टी की कुछ जिम्मेदारों ने समझाइश दी जिसको मानकर उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। श्री खान ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पार्टी के हित में निष्कासन समाप्त कर दिया है पार्टी ने विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार को जिताने की जिम्मेदारी दी है जिसको हम बखूबी निभाएंगे। हम सभी लोग पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अल्पसंख्यक नेताओं के बारे में सोचा।

## पूर्व प्राचार्य मो. शफीक खांन को नम आंखों से सेवानिवृत्ति पर दी विदाई, किया सम्मान

**सिरोंज।** आज सीएम राइज विद्यालय सिरोंज में पूर्व प्राचार्य मोहम्मद शफीक खांन एवं उच्च श्रेणी शिक्षक महेश सक्सेना की



सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा चंद्र प्रकाश साहू को प्रमोशन पर विदाई दी गई जिसमें समस्त स्टाफने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया इस अवसर पर प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, बीईओ उमेश कुमार सोनी सहित अनेक वक्ताओं ने सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम का संचालन इकबाल कुरैशी ने किया एवं आभार संजीव कुमार माथुर द्वारा किया गया।

**2 नवंबर 3 बजे तक होंगे नाम वापस, इसके बाद मिलेंगे चुनाव चिन्ह**

# 17 नाम निर्देश पत्रों में से 2 हुए निरस्त, 15 दावेदार मैदान में

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**



विधानसभा क्षेत्र 147 के लिए 17 दावेदारों ने नाम निर्देश पत्र जमा किए थे। जिनमें से दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देश पत्र बी फॉर्म जमा नहीं होने के कारण निरस्त हो गए ।

विधानसभा निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी के द्वारा जांच के उपरांत 15 अभ्यर्थियों के नाम निर्देश सही पाए गए। अभ्यर्थियों के नाम निर्देश पत्रों की जांच पड़ताल के का काम सुबह 11:00 से रिटर्न ऑफिसर के कार्यालय में हुआ जहां पर दावेदार के समर्थकों के साथ कुछ दावेदार भी मौजूद थे भाई की से एक-एक आवेदन की स्कूटनी की गई जांच के बाद सही फॉर्म पाए जाने पर मान्य किया गया भारतीय जनता पार्टी से बी फार्म मिलने की उम्मीद में राम मोहन पाराशर के द्वारा भी नाम निर्देश पत्र जमा किया गया था पर बी फार्म इनको प्राप्त नहीं होने पर इनका नामांकन फॉर्म निरस्त किया गया इसी तरह पार्वती रघुवंशी के द्वारा भी डमी के रूप में अपना नामांकन जमा किया गया था इनका भी बी फार्म नहीं आने पर नाम निर्देश पत्र निरस्त कर दिया गया जांच के बाद इनके नामांकन बैध पाए गए इंडियन नेशनल कांग्रेस से गगनेंद्र रघुवंशी, भारतीय जनता पार्टी उमाकांत शर्मा, बहुजन समाज पार्टी तोष मणीपंथी ,समाजवादी पार्टी असलम गौरी ,आजद समाज पार्टी गब्बर सिंह सपाक्स पार्टी अखिलेश कुमार जैन आम आदमी पार्टी इसम सिंह मौर्य, कप्तान सिंह नेशनल वर्ल्ड लीडर पार्टी , वही यह है निर्दलीय दावेदार इनको भी फॉर्म पाए गए वैध संदीप अहिरवार लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, हेमंत कुशवाह, पूरन सिंह, फूल सिंह, मनीष गुप्ता, मनोज ।

स्कूटी के बाद रिटर्न ऑफिसर ने बताया कि 15 विद्यार्थियों के नामांकन फार्म सही पाए गए हैं 2 तारीख तक नाम वापस होंगे इसके बाद सभी को चुनाव चुनाव आवंटित कर दिए जाएंगे आज से नाम वापसी का दौर प्रारंभ हो जाएगा जो 2 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा उसके बाद किसी का भी नाम वापस नहीं होगा बचे हुए दावेदारों को निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे वहीं स्कूटनी के चलते सुबह से ही तहसील कार्यालय में चहल-पहल का दौर देखने को मिला कई दावेदारों को अपने नाम निर्देश पत्र निरस्त होने का डर भी सता रहा था पर सही नामांकन भरे होने के कारण नाम निर्देश पत्र बैध पाए गए दूसरी ओर नामांकन के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी ठोक रहे राम मोहन पाराशर ने भी बी फार्म मिलने की उम्मीद में अपना नाम निर्देश पत्र भारतीय जनता पार्टी के नाम से जमा किया था पर आखिरी तक वी फॉर्म नहीं मिला इसके चलते नामांकन फॉर्म निरस्त हो गया था । फॉर्म भरने के बाद इनको मनाने के लिए संसद राज बहादुर सिंह दांगी, विधायक एवं भाजपा उम्मीदवार उमाकांत शर्मा इनके घर पहुंचे ऐसी जानकारी भी सामने आई है ।

आज से नाम वापसी का दौरा होगा प्रारंभ - नामांकन फार्म जांच के बाद जो सही पाए गए हैं।

### इनका कहना है...

जांच के उपरांत 15 अभ्यर्थियों के नाम निर्देश पत्र सही पाए गए हैं। एक नवंबर को कार्यालयीन समय तक नाम वापस हो सकेंगे तथा दो नंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे इसके तुरंत बाद हम चुनाव चिन्ह आवंटित करेंगे ।

**हर्षल चौधरी** निर्वाचन अधिकारी सिरोंज

अब कितने नामांकन फॉर्म वापस होंगे इसको लेकर भी चर्चाओं का दौर प्रारंभ हो गया है किस पार्टी को किस दावेदार से नुकसान हो सकता है उसके नाम वापस करवाने के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति भी प्रारंभ हो गई है। अपने-अपने स्तर से नामांकन फॉर्म वापस करवाने का प्रयास भी किया जाएगा 1 नवंबर से नाम वापसी शुरू होगी 2 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक ही नामांकन फार्म वापस हो सके इसके बाद कोई भी नामांकन फॉर्म वापस नहीं होगा। इसीलिए नाम वापस करवाने के प्रयास भी तेज हो गऐ है । दूसरी ओर इस बार दावेदारों की संख्या भी पिछले चुनाव से अधिक देखने को मिल रही है।



## सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई जयंती

**सिरोंज।** मंगलवार को लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में ग्राम हरिपुर में कुर्मी समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें समाज जनों ने लोह पुरुष के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरों सिंह कर्मी आदि ने इनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई हर साल चल समारोह निकलता था पर इस बार आयोजन करके जयंती मनाई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी भी पहुंचे उन्होंने सबसे पहले लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि सरदार जी ने हमेशा देश की आज मन शांत के लिए अपना जीवन कुर्बान किया है। आज देश के महान व्यक्ति की जयंती में शामिल होने का मुझे अवसर दिया है उसके लिए सभी समाज जन धन्यवाद के पात्र हैं । इसके बाद गगनेंद्र रघुवंशी स्वागत भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी बोले-

# मैं किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक से कभी ऊंची आवाज में बात नहीं करूंगा

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याषी गगनेन्द्र रघुवंषी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि में किसी भी स्थिति में कभी भी किसी से अवषब्द या ऊंची आवाज में बात नही करूंगा। वही कार्यक्रम में मीडिया ने जब गगनेन्द्र रघुवंषी से पूछा कि चुनाव जीतने के बाद आपका व्यवहार शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों के प्रति कैसा रहेगा। जिस पर उन्होने कहा कि में वादा करता हूं शासकीय अधिकारी व कर्मचारी वर्ग एंव आम नागरिक सहित छोटे बडें भाई-बहनों,सम्मानीय किसान भाईयो को दिल से विष्वास दिलाता हूं कि किसी भी स्थिति में कभी भी किसी से अवषब्द व ऊंची आवाज में बात नही करूंगा। बल्कि सभी का सम्मान करूंगा और कभी भी नागरिकों को मेरा व मेरे पद का डर नही देखने को मिलेगा। जो अभी तक इस डर से रहकर अपना कार्य कर रहें है,उन सभी को निजात दिलाउंगा।

**ग्रामीण क्षेत्रो में चल रहा जनसम्पर्क :** कांग्रेस प्रत्याषी का प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रो में सघन दौरा चल रहा है। साथ ही जगह जगह उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया जा रहा है। श्री रघुवंषी अपने हर उद्बोधन में यही बात कहते दिख रहें है कि में कोई नेता नही हूं में तो आप सब का सेवक हूं और कांग्रेस के कार्यकर्ता के रूप में आप सभी की सेवा कर रहा हूं। वही मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याषी गगनेन्द्र रघुवंषी ने ग्राम बांसखेड़ी गूगल, कोरवासा, धर्मपुर, कादरपुर, हसनपुर, भौरिया, किषनपुरा, भीकमपुर, खिल्ली, कचनारिया, नारायणपुर, धानोदा सहित ग्राम हरिपुर के ग्रामीणो के बीच पहुचकर जन सम्पर्क किया।

**वार्ड क्रमांक 14 में हुआ भव्य स्वागत :** वही सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याषी गगनेन्द्र रघुवंषी की धर्मपत्नी श्रीमति पार्वती रघुवंषी व उनकी बेटियों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिदिन नगर के कई वार्डो मे घर घर पहुचकर नागरिकों से इस बार कांग्रेस को अपना अमूल्य मत देने की अपील कर रही है। तो वही मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जनसम्पर्क करते हुए जैसे ही वार्ड क्रमांक 14 ढाल बाजार पहुचें तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एंव जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव जैन सैनानी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमति नम्रता जैन ने श्रीमति पार्वती रघुवंषी सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फूलमाला पहनाकर पगडी बांधकर भव्य स्वागत किया। साथ ही इस बार कांग्रेस की जीत की बधाईया दी।



### अहिरवार समाज ने किया ग्राम पंचायत भौरिया में कांग्रेस प्रत्याशी का भव्य स्वागत

सिरोंज कांग्रेस विस 147 सिरोंज के प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी के ग्रामीण क्षेत्र में दौरे के चलते ग्राम पंचायत भौरिया में पहुंचा जहां अहिरवार समाज सेकडो कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया। एव ग्रामीण भ्रमण किया सेकडो का जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है इस दौरान एडवोकेट अभिषेक, चौधरी अतीक मंसूरी, सुरेश यादव, रमाकांत शर्मा, कमलसिंह, थानसिंह, विहारीलाल गोलर रंधीर देवीलाल रामकिशन नर्वदाप्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### टेबल में नम्बर वन पर भारत, दूसरे पर साउथ अफ्रीका

# वर्ल्ड कप में लगातार 4 मैच हारने के बाद पाकिस्तान ने वापसी की

**कोलकाता , एजेंसी**

वर्ल्ड कप में लगातार चार मैच हारने के बाद पाकिस्तान ने वापसी की। कोलकाता के ईडन गार्डंस में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराया। शाहीन और मोहम्मद वसीम जूनियर ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। इसके बाद फखर और शफीक की शानदार शुरुआत ने 205 का टारगेट आसान बना दिया। डेथ ओवर्स में वसीम जूनियर ने मेहदी हसन मिराज, तस्कीन और रहमान के विकेट लेकर टीम को 204 पर समेट दिया। जवाब में पाकिस्तानी ओपनर्स ने 128 रन की ओपनिंग साझेदारी करके मैच एकतरफा कर दिया। 128 रन पर शफीक, 160 रन पर बाबर और 169 रन पर फखर के विकेट गिरने के बाद मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद ने नाबाद 36 रन जोड़ते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी







### उसामा मीर चोटिल हुए, उंगली से खून निकला

फील्डिंग के दौरान उसामा मीर चोटिल हो गए। 7वें ओवर में शाहीन शाह अफरीदी गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर अफरीदी ने बाउंसर फेंकी, जिसे लिट्टन दास ने तेजी से मिडविकेट की ओर खेला। बॉल मिडविकेट पर खड़े उसामा के पास गई। उसामा ने बॉल रोकने की कोशिश की लेकिन बुरी तरह चोटिल हो गए। उनकी उंगली से खून निकलने लगा। चोट के बावजूद उसामा मैदान पर रहे और बॉलिंग भी की। उन्होंने एक विकेट लिया। पाकिस्तान के हारिस रऊफ ने बांग्लादेश के लिट्टन दास का कैच छोड़ दिया। बांग्लादेश की पारी के 16वें ओवर में लेग स्पिनर उसामा मीर गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की पहली बॉल पर लिट्टन दास ने लॉन्ग ऑन पर शॉट खेला।

### वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम के सेमीफाइनल खेलने के समीकरण

बांग्लादेश को हराने के बाद पाकिस्तान के 6 पॉइंट्स हो गए हैं। अफगानिस्तान के भी 6 पॉइंट्स हैं। पाकिस्तान को अभी 2 मैच और खेलने हैं। अगर वो दोनों मैच जीते तो उसके 10 पॉइंट्स हो जाएंगे। दूसरी ओर चौथी पोजिशन पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया अगर बचे हुए तीनों मैच में से 2 हार जाती है। इसके साथ ही, अगर उसका नेट रन रेट पाकिस्तान से खराब रहता है तो पाकिस्तान के सेमीफाइनल पहुंचने के चांस बन सकते हैं। अगर ऑस्ट्रेलिया तीनों मैच हार जाती है तो पाकिस्तान अपने बचे हुए मैच जीतकर आराम से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 4 हार के बाद जीत दर्ज की है। टीम ने कोलकाता में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। इस जीत के साथ टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार हैं। पाकिस्तान इस वक्त 7 मैचों में 3 जीत के बाद 6 पॉइंट्स लेकर 5वें नंबर पर है। टीम लगातार 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल की रेस में बना रह सकता है। जबकि बांग्लादेश 7 मैचों में 6 हार के बाद सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुका है। 31वें मैच में मंगलवार को पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने बांग्लादेश के दिए 205 रन के टारगेट को 32.3 ओवर में 3 विकेट खोकर चेज कर लिया।

### ■ शाहीन अफरीदी टॉप विकेट टेकर्स

पाकिस्तान-बांग्लादेश मैच के बाद पाक टीम के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने 7 मैचों में 16 विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा की बराबरी कर ली। जबकि भारत के रोहित शर्मा 20 छक्कों के साथ सबसे ज्यादा सिक्स मारने के रिकॉर्ड में पहले नंबर पर हैं।

### ■ यह है पॉइंट्स टेबल का हाल

भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। 6 में से 6 मुकाबले जीतकर भारत के 12 पॉइंट्स हैं। टीम इंडिया को अभी 3 मैच और खेलने हैं। टेबल में दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है। 6 में से 5 जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के 10 पॉइंट्स हैं। उसके 3 मैच बाकी हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया तीसरी और चौथी पोजिशन पर बरकरार हैं। दोनों टीमों ने 6-6 मुकाबले खेले हैं और 8-8 पॉइंट्स हासिल किए हैं। नेट रन रेट होने की वजह से न्यूजीलैंड नंबर पर है।

### बांग्लादेशी बल्लेबाज हो गए फ्लॉप

पाकिस्तान ने लगातार 4 हार के बाद जीत का स्वाद चखा। टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत से बाबर आजम की टीम ने अपने सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को जिंदा रखा है, जबकि शाकिब अल हसन की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 45.1 ओवर में 204 रन के छोटे से स्कोर पर ऑलआउट कर दिया और 205 रन का टारगेट 32.3 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। शाहीन-रऊफ की जोड़ी ने पावरप्ले में 3 विकेट लेकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश पर दबाव बनाया। शाहीन ने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर तंजिद हसन तमीम को 0 और तीसरे ओवर में नजमुल हुसैन शांतो को 4 रन पर चलता कर दिया।

# मार्टिनेज को वर्ल्ड के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का अवॉर्ड मिला




**नईदिल्ली, एजेंसी**

फुटबॉल के दिग्गज लियोनल मेसी ने सोमवार को आठवीं बार बैलोन डी ओर का खिताब जीता। मेसी ने सीजन के टॉप 30 फुटबॉलर की सूची में पहला स्थान पाया है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड और पीएसजी के स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। बैलोन डी ओर फुटबॉल में सीजन के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। मेसी अमेरिकन क्लब इंटर मियामी से क्लब फुटबॉल खेलते हैं। इससे पहले वह फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मन से जुड़े थे। मेसी की कप्तानी में नेशनल टीम अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप का खिताब पिछले साल जीता था। मेसी को बैलोन डी ओर अवॉर्ड इंटर मियामी के मालिक और फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी डेविड बेकहम ने स्टेज पर दिया। लियोनल मेसी इससे पहले 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019 और 2021 में भी बैलोन डी ओर पुरस्कार जीत चुके हैं। मेसी के नाम कुल 8 बैलोन डी ओर हैं। जबकि 5 बैलोन डी ओर के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं।

### बोनामती ने विमेंस कैटेगरी में जीता बैलोन डी ओर

विमेंस में स्पेन की खिलाड़ी ऐताना बोनामती ने बैलोन डी ओर जीता। ऐताना बोनामती ने इस साल अपनी नेशनल टीम स्पेन के साथ विमेंस फीफा वर्ल्ड कप जीता था। इससे पहले उन्होंने अपने क्लब एफसी बार्सिलोना के साथ विमेंस चैंपियंस लीग और डोमेस्टीक लीग (लीगा स्र) की ट्रॉफी भी जीती थी। अर्जेंटीना टीम और एस्टन विला के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को वर्ल्ड के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर की ट्रॉफी प्रदान किया गया है। मार्टिनेज ने फाइनल में फ्रांस के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट जीत में किंगसले कोमान से स्पॉट-किक बचाकर कतर में गोल्डन ग्लव जीता था। एस्टन विला को प्रीमियर लीग में सातवां स्थान हासिल करने और यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग में जगह पक्का करने में अहम रोल निभाया।

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब ईयर का पुरस्कार जीता

मैनचेस्टर सिटी को लगातार दूसरे साल बेस्ट क्लब का पुरस्कार मिला हैं। मैनचेस्टर सिटी ने पिछले सीजन में चैंपियंस लीग, प्रीमियर लीग और एफए कप यानी 3 प्रमुख ट्रॉफी का ट्रेबल जीतने वाली केवल दूसरी इंगलिश टीम बन गई। सिटी की राइवल टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 1998-99 सीजन में ट्रेबल जीता था लिजेंडरी मैनेजर एलेक्स फर्ग्यूसन तब टीम के कोच हुआ करते थे।

# हवा की क्वालिटी खराब होने के चलते वर्ल्ड कप के मैच में नहीं होगी आतिशबाजी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दिल्ली और मुंबई में वर्ल्ड कप मैच के दौरान और बाद में होने वाले आतिशबाजी नहीं करने का फैसला किया है। जय शाह ने कहा कि इन दोनों शहरों में एयर प्रदूषण बढ़ रहा है। मैने इस मामले को औपचारिक रूप से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के सामने उठाया है। हमने बढ़ते एयर प्रदूषण को देखते हुए ये फैसला किया है। बोर्ड पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। इससे पहले मुंबई हाईकोर्ट के मुंबई में वायु गुणवत्ता में आ रही



गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त किया। मुंबई हाईकोर्ट ने एयर पॉल्यूशन को लेकर महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रिय प्रदूषण बोर्ड से जवाब मांगा था। दिल्ली-मुंबई में लगातार प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। दोनों शहरों में हवा की क्वालिटी बहुत खराब कैटेगरी में बनी हुई है।

### 37वें राष्ट्रीय खेल -2023 गोवा में आयोजित

# मप्र अंतरराष्ट्रीय तैराक पागे ने जीते रजत व कांस्य

**रोहतक, एजेंसी**

37वें राष्ट्रीय खेल गोवा अंतर्गत स्वीमिंग पूल कम्पेल पणजी में सायंकाल आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अद्वैत पांगे ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्षन करते हुये पुरूष 400 मी. व्यक्तिगत स्पर्धा में 4:28:20 का समय तय कर 01 रजत पदक अर्जित किया। इस स्पर्धा में प्रथम स्थान पर शॉअन गांगोली कर्नाटक एवं तृतीय स्थान पर सजन प्रकाष केरल के खिलाड़ी रहे। इसी प्रतियोगिता में पुरूष 200 मी. बैकस्ट्रोक में 2:05:79 का समय




लेकर 01 कांस्य पदक भी अपने नाम किया। युवा कल्याण म.प्र. द्वारा खिलाड़ी अद्वैत पागे को पदक से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। साथ ही राष्ट्रीय खेल की 3 मी. स्प्रिंग बोल्ड डायविंग की खिलाड़ी पलक शर्मा और गतका खिलाड़ियों से भेंट कर शुभकामनाएं दी।

### रोइंग खिलाड़ियों ने किया फाइनल में प्रवेश

रोइंग खेल की प्रतियोगिता चापोरा रिवर मापुसा में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में मप्र रोइंग खेल में 11 इवेन्ट मे से 10 इवेन्ट में 10 खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले में प्रवेष किया है। गोवा के कम्पेल ओपन ग्राउण्ड पणजी में आयोजित गटका खेल के पहले मैच में म.प्र. गटका टीम के मनजीत सिंह ने व्यक्तिगत एकल सेटटी स्पर्धा में गुजरात को शिकस्त दी। मप्र गटका की टीम सेमीफाइन में पहुंची।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



## ईशान खट्टर की 'रावण राइजिंग' नामक ऑडियो सीरीज रिलीज

फिल्मों में सक्रिय रहते हुए एक्टर ईशान खट्टर ने ऑडियो सीरीज में भी हाथ आजमाया है। ऑडिबल पर उनकी 'रावण राइजिंग' नामक ऑडियो सीरीज रिलीज हुई है। इसमें उन्होंने युवा रावण को आवाज दी है। आगे ईशान की वॉर फिल्म पिप्पा' भी रिलीज होने वाली है। ईशान ने एक इंटरव्यू में कहा कि रावण को लेकर लोगों के मन में एक इमेज है कि वह 10 सिर वाला और वॉरियर किंग था। पर यहां हमने रावण की कहानी के एक ऐसे हिस्से को छुआ है, जो हम सबके लिए डिस्कवरी साबित हो सकती है। उस पहलू ने मुझे भी काफी एक्साइट किया। हमने 6 से 7 दिनों तक रिकॉर्डिंग की। नई चीज सीखी कि लिमिटेड एपिसोड में पूरा ग्रंथ कैसे बयां किया जाता है। यह भी कि युद्ध के रोमांच और एक्शन को आवाज से कैसे असरदार बनाया जा सकता है। ताकि दर्शकों के मन में युद्धस्थल और योद्धाओं के विजुअल्स बन सकें। नीतेश तिवारी 'रामायण' तो बाकी कई मेकर्स 'महाभारत' बनाने में जुटे हैं। मौका मिला तो कौन सा किरदार प्ले करना चाहेंगे? इसका जवाब दे पाना तो नामुमकिन है, क्योंकि ये सारे किरदार बहुत महान हैं। महाभारत से कर्ण बड़ा फैसिनेटिंग होगा। रामायण से रावण के लिए तो आवाज दे ही दी है। मौका मिले तो प्रभु श्रीराम का किरदार निभाना चाहूंगा। अगर कभी मैं इस काबिल समझा जाऊं तो मैं जरूर इसे करना चाहूंगा। लेकिन हां बहुत हिम्मत जुटाके और बहुत एफर्ट्स लगाकर। आप इतने सालों बाद भी उनके साथ इंट्रेक्ट कर सकते हैं और ये फिर भी रेलीवेंट रहती हैं। उसमें सारी कहानियां पहले से ही हैं। वो सारे रस हैं। ह्यूमन इमोशंस हैं। तो मेरे ख्याल से यह हमेशा अच्छा सब्जेक्ट ही बना रहेगा। हां, इसके साथ जरूर एक जिम्मेदारी आती है कि आप उस सब्जेक्ट से भटके ना.. उस प्रोजेक्ट को खराब ना करें। उसकी जो एक कोर वैल्यू है और जो सादगी है।

## सीन को शूट करते वक्त नर्वस था- विक्रांत

एक्टर विक्रांत मेसी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म '12वीं फेल' की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इसी बीच एक्टर ने अपनी डेब्यू फिल्म लुटेरा पर बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग के पहले ही दिन उन्होंने लीड एक्टर रणवीर सिंह की नाक पर प्रॉप गन मार दी थी। इसके बाद उन्हें डर था कि उन्हें फिल्म से निकाल दिया जाएगा। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। एक इंटरव्यू में विक्रांत ने अपने पहले फिल्मी शॉट पर बात की। विक्रांत ने कहा, 'मुझे मेरा पहला शॉट बहुत अच्छे से याद है। हम फिल्मसिटी में फिल्म लुटेरा की शूटिंग कर रहे थे। यह एक बेडरूम सीन था, जिसमें रणवीर का किरदार आकर मुझे



जगाता है और मैं उस पर बंदूक तान देता हूं। मैं इस सीन को शूट करते वक्त बहुत नर्वस था क्योंकि यह मेरे लिए बहुत बड़ा मोमेंट था।' फिल्म में विक्रांत ने रणवीर के साथी लुटेरे देवदास मुखर्जी का किरदार निभाया था।

## प्रियंका बोली- जितना ज्यादा फायदा मैं दे सकती हूं, उतना देने की कोशिश करूंगी'




मन्नारा चोपड़ा ने 2014 में आई फिल्म 'जिद' से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें करणवीर शर्मा और श्रद्धा दास भी थे। उस समय, प्रियंका ने मन्नारा को सपोर्ट किया था जिसका वीडियो वर्तमान में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया इंटरेक्शन के दौरान प्रियंका चोपड़ा से पूछा गया कि फिल्म इंडस्ट्री में उनका कोई गॉडफादर नहीं है तो क्या उन्हें लगता है कि मन्नारा को कोई 'गॉडमदर' मिल गई है। इसका कितना फायदा इन्हें मिल सकता है? इसपर प्रियंका ने जवाब दिया, 'जितना ज्यादा फायदा मैं दे सकती हूं, उतना देने की कोशिश करूंगी'। दरअसल मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस 17 का हिस्सा हैं। वो सभी के लिए टफ कंटेस्टेंट बनकर सामने आ रही हैं। उनके अलावा घर में मुनव्वर फारूकी भी अच्छा खेल रहे हैं।




**मेट्रो बाजार**

## आईपीओ का 35 फीसदी हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए

**मुंबई, एजेंसी**

स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर 3 नवंबर को ओपन होगा। रिटेल निवेशक 7 नवंबर तक बोली लगा सकेंगे। 9 नवंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। आईपीओ के जरिए कंपनी 463 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 390 के फ्रेश शेयर इश्यू करेगी जबकि, मौजूदा निवेशक और प्रमोटर 72.30 के शेयर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचेंगे। अगर आप भी इसमें पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं। रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 250 शेयरों के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 57-60 प्रति शेयर रखा है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 60 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 15,000 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 3250 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 195,000 खर्च करने होंगे। रिजर्व बैंक ने आईपीओ का 50 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा 35 फीसदी हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15 फीसदी हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।




## वोल्वो इंडिया की पावरफुल इलेक्ट्रिक कार लॉन्च

**नईदिल्ली।** वोल्वो इंडिया ने अपनी पावरफुल इलेक्ट्रिक कार %वोल्वो सी 40 रिचार्ज% को भारत में ऑफिशियल तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस कार की शुरुआती कीमत 61.25 लाख रुपए (एक्स-शोरूम प्राइस) रखी है। वोल्वो का दावा है कि यह कार एक बार फुल चार्ज करने पर 530 किमी चलती है। वहीं इस कार को 80त्न तक चार्ज होने में सिर्फ 27 मिनट का समय लगता है। कंपनी के इंडियन लाइनअप में वोल्वो सी 40 रिचार्ज दूसरी प्योर इलेक्ट्रिक कार है। इस इलेक्ट्रिक की ऑफिशियल



बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। जिसे कस्टमर्स कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप से भी बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी अगले कुछ हफ्तों में शुरू की जाएगी। सी 40 रिचार्ज का मुकाबला हुंडई आयोनिक-5 समेत इन कारों से होगा

वोल्वो सी 40 रिचार्ज, एक्स सी 40 रिचार्ज का ही कूपे स्टाइल वर्जन है। प्रीमियम इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में वोल्वो सी 40 का मुकाबला हुंडई आयोनिक 5, किया ईवी और वोल्वो एक्स सी 40 रिचार्ज से होगा।

## राजस्थान के साइबर जालसाजों ने ठगी का जाल बिछाने खोला था ऑफिस

# नौकरी के बहाने मांगे दस्तावेज, अकाउंट खुलवाने के बाद नाम से जारी कराई सिम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन टू में बेरोजगार को नौकरी दिलाने के लिए कंस्टेंसी ऑफिस खोलकर उनके दस्तावेजों का गतल इस्तेमाल करने के प्रयास का मामला सामने आया है।**



दअरसल, नौकरी के नाम पर एक युवक का खाता खुलवाया गया और उसके नाम से चार पांच अलग अलग सिम जारी करा ली गई। इस बात की जानकारी युवक को लगी तो उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने आफिस में दबिश देते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके साथी भागने में सफल हो गए। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि कपिल घुमाड़े बेरोजगार हैं और उन्हें नौकरी की तलाश थी। वे हिन्दुस्तान चेंबर जोन - वन में पहुंचे और वहां उनकी मुलाकात विपिन सिंह भाटी से हुई। विपिन सिंह भाटी ने उन्हें बताया कि वह अपनी कंस्लटेंसी के माध्यम से उसे अच्छी नौकरी दिला देंगे। इसके बाद कपिल घुमाड़े से उनके दस्तावेज और पासपोर्ट साइज के फोटो मांग लिए। दस्तावेज और फोटो के माध्यम से आरोपियों ने कपिल घुमाड़े का बैंक में खाता खुला लिया और चार पांच सिम भी जारी करा ली। सिम जारी करने की बात कपिल को पता चली तो वह समझ गया कि उसके नाम की सिम का गलत इस्तेमाल किया जाएगा और लोगों के साथ ठगी करने क बाद पैसा भी उसके अकाउंट में जमा कराया जाएगा। कपिल ने तत्काल घटना की जानकारी एमपी नगर पुलिस को दी थी। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी गुर्जर का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एक्सीडेंट में घायल युवक की इलाज के दौरान, मौत




भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोहेफिजा थानांतर्गत वीआईपी रोड पर एक्सीडेंट में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक नितिन चौधरी (28) सीटीओ बैरागढ़ में रहता था। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे वीआईपी रोड पर उसका एक्सीडेंट हो गया था। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां दोपहर करीब तीन बजे इलाज के दौरान नितिन ने दम तोड़ दिया। उसे किसी ने वाहन ने टक्कर मारी थी अथवा वह स्वयं की ही दुर्घटना का शिकार हुआ था, इसकी जांच की जा रही है। इसी थाना पुलिस ने हमीदिया अस्पताल परिसर से एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद की। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई गई है।

## वरिष्ठ पत्रकार पांडे का निधन

**भोपाल।** राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पांडे का आज तड़के अस्पताल में निधन हो गया। वे लगभग सत्तर वर्ष के थे। उन्हें परिजनों ने कल एक निजी अस्पताल में दाखिल किया था। जहां उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें निमोनिया की शिकायत मिलने पर उनका उपचार शुरू किया गया। लोकिन तड़के तबीयत बिगडने के बाद उनका निधन हो गया। पांडे का अंतिम संस्कार कल गुरुवार को किया जाएगा।

## पुरूषोत्तम नगर में एटीएम बदलकर खाते से निकाले तीस हजार रुपए



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित पुरूषोत्तम नगर एटीएम में एक बदमाश ने मदद करने के बहाने एटीएम मांगा और एटीएम लेकर फरार हो गया। एटीएम हाथ लगने के बाद आरोपी दूसरे एटीएम पहुंचा और वहां से तीस हजार रुपए की नगदी निकाल ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार राजदेव यादव (55) चांदबड़ में रहते हैं। वे प्राइवेट सिक्युरिटी गार्ड हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार सुबह वह पुरूषोत्तम नगर स्थित एसबीआई एटीएम पर पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्होंने एटीएम से एक हजार रुपए की नगदी निकाली और एटीएम में कैंसिल का बटन दबाकर ट्रांजेक्शन कैंसिल करने लगे। एटीएम अंदर फंसा था और कैंसिल का बटन दबाने पर भी एटीएम नहीं निकल रहा था। यह सब पीछे ख?ा युवक देखक रहा था। उस युवक ने राजदेव से कहा कि आपका ट्रांजेक्शन कैंसिल नहीं हुआ है मैं ट्रांजेक्शन कैंसिल कर देता हूं। राजदेव ने उसे मौका दिया और खुद पैसे गिनने लगे। इसी बीच आरोपी ने बटन दबाकर ट्रांजेक्शन कैंसिल किया और एटीएम निकलते ही भाग निकला। वह उसका पीछा करते रहे, लेकिन वह फरार हो चुका था। कुछ देर बाद राजवेध के मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते से तीस हजार रुपए निकल गए हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### 90 हजार में केवल तीस ही निकाले

राजवेध यादव ने बताया कि उनके खाते में कुल 90 हजार रुपए थे। आरोपी ने अशोका गार्डन के किसी एटीएम से तीस हजार रुपए ही निकाले हैं। पुलिस को यह बात समझ नहीं आ रही है कि आरोपी के हाथ एटीएम था और उसने केवल तीस हजार रुपए ही क्यों निकाले। उसे एटीएम का पिन भी पता था।

### बच्चों की तस्करी का मामला

## भोपाल पुलिस अब दिल्ली और हरियाणा के डॉक्टरों से कर रही पूछताछ

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बच्चों के अपहरण के मामले में भोपाल पुलिस और हरियाणा पुलिस का आमना सामना होने के बाद डॉक्टर के अपहरण का विवाद शुरू हो गया है। आरोपी डॉक्टर की पत्नी ने भोपाल पुलिस पर अपने पति के अपहरण करने करने का आरोप लगाया है।

दरअसल, अपहरण करने वाली गैंग की मदद करने के आरोप में भोपाल पुलिस ने हरियाणा के हमीदपुर से क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर अशोक कुमार को हिरासत में लिया है। इसके अलावा दिल्ली के एक अन्य अस्पताल संचालक पुरुष डॉक्टर को भी इस मामले में पूछताछ के लिए भोपाल बुलाया गया है। इस ऑपरेशन के दौरान भोपाल पुलिस की समस्या उस वक्त बढ़ गई जब हरियाणा के डॉक्टर अशोक कुमार की पत्नी ने इस मामले में हमीदपुर पुलिस को अपने पति के अपहरण की खबर भेज दी। सिविल ड्रेस में पहुंची पुलिस को अपनी पहचान साबित करने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। सीनियर अफसरों ने भी मामले में दखल दिया। बताया जा रहा है कि अर्चना सैनी का प्रेमी निशांत राधा स्वामी दोनों महिलाओं की मदद कर रहा था। इसके अलावा अर्चना सैनी का बेटा सूरज अपनी गर्लफ्रेंड मुस्कान बानो एवं बहन अक्षरा के साथ मिलकर गैंग चलाने में मदद कर रहा था। सभी आरोपी पुलिस रिमांड पर चल रहे हैं। हरियाणा पुलिस ने बगैर किसी औपचारिकता के भोपाल पुलिस को डॉ. अशोक कुमार को हिरासत में ले जाने दिया। इस मामले में अभी तक आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार किया जा चुके हैं। पुलिस दिल्ली एवं हरियाणा के डॉक्टर को भी आरोपी बनाने की तैयारी में है। बच्चों की तस्करी करने की गैंग चलाने का काम भोपाल में पकड़ी गई अर्चना सैनी ही कर रही थी। वह लंबे समय तक इस मामले में दिल्ली में पकड़ी गई फर्जी डॉक्टर सीमा शक्ति देवी को मुख्य आरोपी बता रही थी। कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर पुलिस ने अब सभी आरोपियों का प्रोफाइल तैयार कर लिया है।

## शातिर बदमाश से चोरी की स्कूटर और बैटरी बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अशोका गार्डन पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की स्कूटर और बैटरी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि सोनिया कालोनी पुलिया के पास एक युवक स्कूटर पर सस्ते दामों पर बैठरी बेचने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम रानू उर्फ मशरूर (26) निवासी सिंधी कॉलोनी टीला जमालपुरा, हाल निवासी बागफरहत अफ्जा थाना ऐशबाग बताया। उसने बैटरी को मयूर विहार कालोनी अशोका गार्डन और स्कूटर को हनुमानगंज थाना क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी का वाहन और बैटरी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## हत्या के प्रयास के मामले में वारंटी छुरी के साथ गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो



टीला जमालपुरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में सजायाब एक वारंटी को छुरी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि पुतलीघर चौराहे के पास एक युवक छुरी लेकर घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम रिजवान उर्फ गोल्डन (23) निवासी पुतलीघर तिराहा टीला जमालपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास एक छुरी रखी मिली, जिसे जब्त किया गया। आरोपी टीला जमालपुरा थाने का सूचीबद्ध गुंडा है। हत्या के प्रयास के एक मामले में उसे कोर्ट द्वारा पांच महीने पहले 2 साल की सजा और पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया था। सजा भुगतवाने के लिए कोर्ट ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## जुए की फड़ों पर छापा, 9 गिरफ्तार, 28 हजार बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो



टीला जमालपुरा पुलिस ने जुए की दो फड़ों पर छापा मारकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 28 हजार रुपए नकद और ताश पत्ते जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने इंद्रानगर में जुआ खेल रहे जुआरी शहनवाज अली, अमन अली, जोहेब, अजीम और मो. हमजा को पकड़ा। उनके पास से 16180 रुपए नकद और ताश पत्ते जब्त हुए। इसी प्रकार कबीटपुरा स्थित पानी की टंकी के पास जुआ खेल रहे अनूप हारिए, मो. साजिद, मनोज घेंघट और राजेंद्र नील को पक?ा गया। उनके पास से 12060 रुपए और ताश पत्ते जब्त हुए हैं। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## अयोध्या नगर इलाके में एसीपी ने किया पैदल भ्रमण

भोपाल, दोपहर मेट्रो

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों और आउटर पोस्ट पर सघन चैकिंग के साथ ही पैदल मार्च किया जा रहा है। एसीपी अक्षय चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को अयोध्या नगर थाना क्षेत्र के दुर्गेश विहार, नरेरा शंकरी, मिनाल रेसीडेंसी, जेके रोड आदि इलाकों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस स्टाफ के अलावा सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद रहे। सशस्त्र बल के जवानों को भ्रमण के दौरान इलाके से परिचय भी कराया गया।

### मेट्रो एंकर | पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित

## सेवानिवृत्त हुए 20 अधिकारियों व कर्मचारियों को एडिशनल पुलिस आयुक्त ने दी भावभीनी विदाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**पुलिस में लंबे सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए 20 अधिकारियों और कर्मचारियों को मंगलवार शाम पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दीं।**




विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सभी की दिनचर्या में बहुत ही ज्यादा परिवर्तन आ जाता है, इस कारण स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, वृद्धावस्था में स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, इसलिए सभी से आग्रह है कि अपने आप को हमेशा व्यस्त रखें, फिट रहें, ताकि अपना एवं अपने परिवार का बखूबी ध्यान रख सकें। आपके परिवार में कभी कोई जरूरत लगे तो बेझिझक अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रामशरण प्रजापति ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं उनके परिजनों का भोपाल पुलिस की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**यह अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्तः** पुलिस सेवा से एसआई राजेन्द्र प्रसाद यादव, मकरंद प्रसाद पांडे, सोबरन सिंह, उमाशंकर मिश्रा, सत्येंद्र सिंह परमार, एएसआई अशोक कुमार पारासर, बृजमोहन श्रीवास, राम सिंह, हरिसिंह दोहरे, अशोक कुमार मलिक, सुखबीर सिंह, हीरा सिंह यादव, विजय सिंह, प्यारेलाल अहिरवार, हेड कांस्टेबल रईसउल्ला, अनिल कुमार सिंह, प्रेम नारायण, राजन लक्ष्मण, रमेश चंद्र कुशवाहा और ओमप्रकाश भदौरिया सेवानिवृत्त हुए।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022